9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित | मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष-12, अंक 90, पृष्ठ -12 महानगर संस्करण | D-live NewsTV www.dabangdunia.co.in

# दैनिक दबंग दुनिया

रायपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2024

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें



पेज 07

सार.समाचार

## आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित बर्खास्त आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कैट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले हाईकोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग केस को राजनीति से प्रेरित मानकर खारिज कर दिया है। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने भी राहत दी है। दरअसल, 30 अप्रैल को छत्तीसगढ़ पुलिस के सीनियर अधिकारी आईपीएस जीपी सिंह को CAT (केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण) से बड़ी राहत मिली थी। CAT ने 4 सप्ताह में जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलो को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया था।

## योगी ने सीएम साय को भेजा महाकुंभ का आमंत्रण



**रायपुर**। मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरकार के दो मंत्रियों को छत्तीसगढ़ भेजा। इन मंत्रियो ने उट विष्णुदेव साय से मुलाकात की। उन्हें प्रयागराज में होने जा रहे कुंभ का न्योता दिया। वढ सरकार की ओर से आए कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड ने प्रदेश की जनता को भी आयोजन में आमंत्रित किया है। उन्होने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि कुंभस्थल पर छत्तीसगढ़ का भी एक पंडाल लगाया जाए। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के पंडाल के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडाल में छत्तीसगढ़ से कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में शामिल होना सौभाग्य का विषय है। वे पहले भी कुंभ में शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस बार का कुंभ विशेष है। हम महाकुंभ में जरूर आएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया है कि छत्तीसगढ़ प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अवसर पर महाकुंभ में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस प्रदेश की संस्कृति, विकास और उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए उत्सुक है।

# इतिहास में वही याद रखे जाते हैं, जो कठिन परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़े होते है : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की 167 वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इतिहास में वही याद रखे जाते हैं, जो कठिन परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़े होते है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि शहीद वीरनारायण सिंह ने भूख के खिलाफ जो संघर्ष छेड़ा, उसे छत्तीसगढ़ सरकार ने जारी रखा है। देश को खाद्य सुरक्षा का सबसे बढ़िया माडल छत्तीसगढ़ ने दिया। हमने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी भूखे पेट न सोये। छत्तीसगढ़ में हमने धान खरीदी का एक व्यवस्थित माडल तैयार किया, जिसकी देश भर में प्रशंसा हुई। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को छत्तीसगढ़ में आगामी पांच सालों के लिए लागू कर राज्य के 68 लाख परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न दे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें आज बालोद जिले के राजाराव पठार करेंझर में आयोजित आदिवासी समाज के विराट वीर मेला में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया और जनजातीय समुदाय के देवी-देवताओं की पूजा-अचर्ना कर प्रदेश की जनता की समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर मुख्य मार्ग से राजा राव बाबा स्थल तक पहुंचने हेतु पहुंच मार्ग एवं आवश्यकतानुसार पुल-पुलिया निर्माण की स्वीकृति दी। मेला स्थल पर पेयजल व्यवस्था हेतु 20 लाख रूपये और महिला सदन निर्माण के लिए 30 लाख रूपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर के इंटरनेशन क्रिकेट स्टेडियम में शहीद



वीर नारायणसिंह की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की भी बात कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री जीआर राणा द्वारा लिखित ह्यह्यनेक भारत-श्रेष्ठ भारत पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि हमने 25 दिसम्बर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर 13 लाख किसानों को दो साल के बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए दिये। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हम 3100 रुपए क्विंटल की दर से कर रहे है, जो देश में सर्वाधिक है। पिछले सीजन में हमने 145 लाख मीट्रिक टन की रिकार्ड धान खरीदी की। किसानों को कुल 49 हजार करोड़ रुपए की राशि दी गई है। तेंदूपत्ता संग्राहकों 5500 रूपए प्रति मानक बोरा संग्रहण पारिश्रमिक दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए पीएम जनमन योजना आरंभ की है, इससे पहली बार इनकी बस्तियों में अच्छी सड़कें, शुद्ध पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित हुई हैं। साथ ही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से हमारे 6 हजार 691 जनजातीय गांवों का समग्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हम छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लिए संकल्पित हैं और इसका विजन भी तैयार कर लिया है।

इस अवसर पर कांकेर विधायक श्री आशा राम नेताम, विधायक संजारी बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री अरविंद नेताम, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग श्री नंदकुमार साय, पूर्व राज्य अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग श्री जीआर राणा, पूर्व विधायक श्री विधायक श्री प्रीतम साहू, जनप्रतिनिधि श्री राकेश यादव, श्री पवन साहू एवं समाज के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान हम सबक़े लिए प्रेरणादायक : सीएम

**सोनाखान में खुलेगा पोस्ट मेट्रिक छात्रावास, 23 पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों में लगेंगे सोलर हाई मास्ट लाईट**

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 दिसम्बर मंगलवार को छत्तीसगढ़ क़े प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह क़े शहादत दिवस पर उनकी जन्मभूमि एवं कमर्भूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय सोनाखान स्थित शहीद स्मारक में शहीद वीर नारायण सिंह क़ी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजो को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोनाखान में पोस्ट मेट्रिक छात्रावास खोलने,सोनाखान मड़ई मेला क़े लिए 15 लाख देने,23 पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों में हाई मास्ट लाईट लगाने,सोनाखान क़े 3 तालाबों का अमृत सरोवार में उन्नयन तथा शहीद वीर नारायण क़े वंशज जो पेंशन क़े लिए वंचित हैं उन सभी सदस्यों को भी पेंशन देने क़ी घोषणा क़ी। इसके साथ ही 10 हितग्राहियों को पीएम आवास ग्रामीण की चॉबी सौंपा। हितग्राहियो को आयुष्मान कार्ड का वितरण,पीएम जनमन आदर्श पंचायत बल्दाकछार एवं औवराई का सम्मान, आदिवासी समाज के युवा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की शहीद वीर नारायण सिंह क़े जन्म एवं कमर्भूमि में मुख्यमंत्री क़े तौर पर पहली बार आया हूं। यह पवित्र भूमि गरीबों क़े लिए बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों की प्राण रक्षा एवं आत्मसम्मान क़े लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिए जो हम सब क़े लिए प्रेरणादायक है। जिस समय सोनाखान क्षेत्र में आकाल पड़ा तो भूख से तड़पते लोगों क़ी दशा देखकर द्रवित हो गए और गोदाम से अनाज निकाल कर बाँट दिए। उन्होंने अंग्रेजो क़े विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंका दिए। अंग्रेजी सरकार ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर क़े जय स्तम्भ चौक में फांसी दे दी गई।

उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए है जिन्हे उचित सम्मान नहीं मिल पाया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति विभूतियों को सम्मान देने क़ा काम कर रहे है। प्रधानमंत्री ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने क़ी घोषणा क़ी है। विशेष पिछडी जनजाति समुदाय क़े लोगों क़े विकास क़े लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू किया गया है। पीएम ग्राम उत्कर्ष योजना क़े तहत प्रदेश क़े 6 हजार गाँवो को लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर में 9 करोड़ क़ी लागत से शहीद वीर नारायण संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हमारी सरकार ने एक साल में मोदी क़ी गारंटी क़े तहत अधिकांश वायदे पूरा कर दी है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अन्याय और अत्याचार क़े खिलाफ अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी। उनका बलिदान इतिहास में अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी समाज क़े विकास और सम्मान क़े लिए काम कर रहे हैं। अब जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। आज देश क़ा प्रथम नागरिक आदिवासी समाज क़ी बेटी है तथा प्रदेश का मुखिया भी आदिवासी किसान का बेटा है।क़ृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले सोनाखान बहुत पिछड़ा क्षेत्र था। हमारी सरकार आने क़े बाद यहाँ तेजी से विकास शुरू हुआ। सभी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।आज एक आदिवासी किसान का बेटा प्रदेश का कमान संभाल रहे है और विकास क़ी गंगा बहा रहे हैं।

इस अवसर पर जिले क़े प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी,शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिन पड़ेगी कड़ाके की ठंड, 5 डिग्री तक गिर सकता है रात का पारा

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में नमी अब धीरे-धीरे कम होने लगी है और ड्राई हवा आने के कारण रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री गिर सकता है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आज और कल कोहरा छाया रह सकता है।

सोमवार को सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा, यहां रात का तापमान 12.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। एक दो स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई। रायगढ़ जिले में 9.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

### रायपुर में ऐसा रहेगा मौसम

शुष्क हवा के कारण रात के तापमान में गिरावट आ रही है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आज रात का पारा 5 डिग्री तक गिर सकता है। सोमवार को दिन का तापमान 30.4 डिग्री रहा। जो सामान्य से 1.4 डिग्री ज्यादा था। वहीं रात का तापमान 5.9 डिग्री अधिक रहा।



### बिलासपुर संभाग में सामान्य से अधिक रहा तापमान

यहां के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। बिलासपुर में 20.2 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक था। कोरबा में 18.8 डिग्री, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 15.4 डिग्री, मुंगेली में 18.2 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

### सरगुजा में ऐसा रहा मौसम

प्रदेश में इस समय सरगुजा संभाग सबसे ठंडा है। सोमवार को सबसे सरगुजा में रात का तापमान 12.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं बलरामपुर का पारा 14.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सूरजपुर में 17.1 डिग्री टेंपरेचर रहा। कोरिया में 18.1 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।




# हर्बल उत्पादों महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग द्वारा स्थापित वन धन विकास केन्द्र में आयमूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस संस्था से जुड़कर वनांचल के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। आधुनिक ब्रांडिंग और विशेषज्ञों के प्रशिक्षण से इन उत्पादों को बाजार में नई पहचान मिली है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में वन धन विकास केंद्र केशोड़ार की महिलाओं ने लगभग 82 लाख 50 हजार रूपए की हर्बल उत्पादों का विक्रय किया, जिसमें केन्द्र को 15 लाख रूपए की शुद्ध आय हुई है। यह पीवीटीजी वनधन विकास केंद्र की महिलाओं को स्थायी आजीविका प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

गरियाबंद जिले के केशोड़ार गांव में स्थित पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की महिलाएं) वन-धन विकास केंद्र से परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक की सहायता से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया है। सभी महिलाएं आर्थिक रूप से सम्पन्न हो रही हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत स्थापित यह केंद्र भुतेश्वर



नाथ हर्बल एण्ड मेडिसिन स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है।

इस केंद्र से 87 पीवीटीजी लाभार्थी महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो 8 स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कार्य कर रही हैं। इन केन्द्रों में महिलाओं के समूह द्वारा हर्बल औषधियों का उत्पादन किया जा रहा है। आयुष निर्देशालय (आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी) से अनुमोदित 13 हर्बल उत्पाद बनाई जा रही है, जिनमें महाविपगर्भ तेल, भृंगराज तेल, तुलसी चूर्ण, अमलाक्यादि चूर्ण, नवायस चूर्ण, कौंच चूर्ण, शतावरी चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, क्रीमिघ्न चूर्ण, प्रदारांतक चूर्ण, पुननर्वा चूर्ण, सर्वज्वरहर चूर्ण और वैश्वानर चूर्ण है। इन उत्पादों को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बाजार में विपणन किया जाता है, जिससे इनकी पहुंच देशभर के उपभोक्ताओं तक हो रही है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी सभी पीवीटीजी महिलाएं मुक्त कंठ से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप को धन्यवाद देते हुए बताती हैं कि पीएम जनमन योजना से उनके जीवन में आर्थिक बदलाव आया है और वे बहुत खुश हैं। वन विभाग द्वारा महिलाओं को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा समय-समय पर यह कार्यक्रम आयोजित की जाती है। इन प्रशिक्षणों ने महिलाओं को न केवल कौशल विकास में मदद की, बल्कि उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने और बाजार की आवश्यकताओं को समझने का अवसर भी प्रदान किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा द्वारा महिलाओं को आधुनिक मशीनें और उत्पादन उपकरण प्रदान किए गए हैं, जिससे उत्पादों का समय पर निर्माण और उच्च गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो रही है। विशेष रूप से, भृंगराज तेल को पारंपरिक तेल पाक विधि से तैयार किया जाता है, जिसमें तिल के तेल में औषधीय जड़ी-बूटियों को सात दिनों तक पकाया जाता है। यह तेल बालों की देखभाल के लिए अत्यधिक प्रभावी है, जो बालों का झड़ना रोकता है और उनकी वृद्धि करता है साथ ही बालों की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। इसके अलावा महाविषगर्भ तेल, जो पीठ और जोड़ों के दर्द के लिए उपयोगी है, केंद्र का एक और लोकप्रिय उत्पाद है। पीवीटीजी वन-धन विकास केंद्र, केशोड़ार केवल उत्पादों का निर्माण नहीं कर रहा है, बल्कि एक परंपरा और ज्ञान को संरक्षित कर बढ़ावा दे रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की सक्रिय भागीदारी और इनकी मार्केटिंग रणनीति ने इस सफलता को संभव बनाया है।

# धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था, किसान हो रहे परेशान

■ धरना प्रदर्शन को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

दबंग दुनिया ◆ कोरबा



धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था फैली है। किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं द्वारा केन्द्रों में किए गए निरीक्षण में खामियां मिली है। जिनके निराकरण की मांग को लेकर स्थानीय समक्ष अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही इस मामले में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया व ब्लॉक करतला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ खान के नेतृत्व में थाना प्रभारी करतला को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का ज्ञापन सौंपा गया है।

राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा। धान खरीदी केन्द्रों में किसान परेशानियों से जूझ रहे है। बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है, जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता। किसानों से कहा जा रहा है कि 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वंय करो। उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तों तक नहीं आया है, जो रकम रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रु. प्रति क्विंटल ही आ रहा है, जो समर्थन मूल्य है उतना है। भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रू में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने ध्यान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रु. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाए। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ? पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसायटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेबर चार्ज बढ़ गया इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने अनुविभागीय अधिकारी करतला बेनेडिक्ट मिंज व थाना प्रभारी करतला कृष्ण कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक फूल सिंह राठिया, करतला ब्लॉक अध्यक्ष दौलतराम राठिया, विधानसभा अध्यक्ष युवा अध्यक्ष रामपुर शिवम राय, संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी प्रवीण ओगरे, सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करतला शैलेन्द्र राय, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आरिफ खान, अमलन अग्रवाल, रोशन खांडे, मुकेश राठिया, अहमद हुसैन, इस्माईल खान, इब्राहिम मेमन, भजन राठिया, मुन्ना कैंवट, प्रह्लाद दास, अंकित राय, सपुरन दास, मकुरेश राठिया, राजेश अग्रवाल, शिवेन्द्र राय, इबरार खान, रामखिलावन राठिया, कुपुर राठिया, मनीष लकड़ा, नेहरू, सशांक राय, दिनेश राठिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट घरेलू व सामुदायिक शौचालय के लिए हितग्राही व पंचायत हुए सम्मानित

दबंग दुनिया ◆ कटघोरा

कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत व सीईओ जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग के दिशा निर्देशन व कुशल मार्गदर्शन में 9 दिसंबर 2024 को जनपद पंचायत कटघोरा के सभाकक्ष में विश्व शौचालय दिवस 2024 अभियान के तहत हमारा शौचालय- हमारा सम्मान थीम पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक स्तर पर 3 उत्कृष्ट घरेलू शौचालय के लिए ग्राम कोलिहामुडा, मोहनपुर व पौंसरा को और 2 उत्कृष्ट सामुदायिक शौचालय के लिए ग्राम सलोरा क, देवगांव को सीईओ जनपद पंचायत कटघोरा यशपाल सिंह के कर कमलों से सम्मान पत्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वही इस अवसर पर सीईओ यशपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में सभी व्यक्तिगत शौचालय का निरंतर उपयोग करते हुए उसके रख रखाव पर भी ध्यान देवें एवम सामुदायिक शौचालय के उपयोग, मरम्मत व रख रखाव पर भी सरपंच, सचिव को ध्यान देना चाहिए। सीईओ श्री सिंह ने आगे कहा कि गांव में कचरा



संग्रहण का कार्य भी स्वच्छाग्रहियों द्वारा निरंतर किया जा रहा है जिससे गांव में स्वच्छता बनी रहे व लोग स्वस्थ रहें। वही इस अवसर पर एडीईओ द्वय आर के शिवालय, श्रीमती कामना जाटवर, विकासखंड समन्वयक एस बी एम, करारोपड अधिकारी दउवा राम कंवर सहित सरपंच, पंचायत सचिव व रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत सलखन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की मांग एवं समस्याओं के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ देने के लिए जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत सलखन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय नागरिक सहित आस-पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में माँग एवं समस्याओं से संबधित कुल 323 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इस दौरान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य सहित




अतिथियों ने अवलोकन किया और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं से लाभांवित किया गया।

जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने कहा कि शासन की योजनाएं आम नागरिक तक पहुंचे और उनका क्रियान्वयन शत प्रतिशत हो इसको लेकर जिले में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आयुष्मान, पीएम सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना सहित शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। शिविर में कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आयुर्वेद विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में मोटराइज्ड ट्राईसायकल, पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, जाति प्रमाण पत्र का वितरण, किसान किताब, आयुष्मान कार्ड का वितरण शिविर के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति देवी सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, गुलाब चंदेल, एसडीएम ममता यादव, जनपद पंचायत सीईओ अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित रहे।

## विधायक ब्यास कश्यप ने किया सी.सी.रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

■ धोबी समाज के लिए भवन निर्माण हेतु 8 लाख रुपए देने की घोषणा की

दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा



विधायक ब्यास कश्यप ने ग्राम धाराशिव में बनने वाले सी.सी.रोड का भूमि पूजन किया। इस निर्माण कार्य के लिए उन्होंने अपने विधायक निधि से 7 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। इसके बाद विधायक कश्यप ने ग्राम धाराशिव में झेरिया बरेठ समाज के सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथी के रूप में भी शामिल हुए। समाज के द्वारा अवगत कराया गया कि धोबी समाज के 16 गांव का परिक्षेत्र है। अतः सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए गांव में एक भवन निर्माण कराने की आवश्यकता है। विधायक के द्वारा मांग को तुरंत पूरा करते हुए भवन निर्माण के लिए 8 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति की घोषणा मंच से की गई। सी.सी.रोड निर्माण तथा झेरिया बरेठ समाज के लिए भवन निर्माण की घोषणा से ग्रामीण जन हर्षित हुए। इसके लिए उन्होंने विधायक ब्यास कश्यप को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष चिंताराम राठौर, सरपंच प्रतिनिधि अनिल पांडे, विधायक प्रतिनिधि मोतीलाल पटेल, झेरिया बरेठ समाज के प्रतिनिधिगण सहित भारी संख्या में गांव के नागरिक गण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में फिर गई एक की जान

**कोरबा।** जिले में सडक हादसों का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रहे हादसों में लोगों की जान जा रही है। गोढ़ी मार्ग पर हुए हादसे में फिर एक युवक की जान चली गई। हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। बीती रात दर्दनाक सडक हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई है। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि हादसा धूल के चलते हुआ है। मौके से भारी वाहन का चालक फरार हो गया है। घटना सिविल लाइन थाना अंतर्गत गोढ़ी के पास की है। एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार की मौक पर ही मौत हो गई। मृतक करण सिंह चौहान (29 वर्षीय) कुरुडीह का निवासी था। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि राखड़ लोड भारी वाहनों के चलते सडक पर उड़ रहे धूल से लोग परेशान हैं। कुछ दिनो पहले ही ओवरलोड राखड़ वाहनों पर प्रतिबंध लगाने ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से संतोष कुमार ने लगाई हाइब्रिड भिंडी

उद्यानिकी विभाग से मिला लाभ तो खुशहाल हुआ परिवार

दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा

जिले के एक छोटे से गाँव में रहने वाले संतोष कुमार, पहले पारंपरिक खेती करते थे। उनके पास जमीन तो थी, लेकिन कम उत्पादकता और बढ़ते खर्चों के कारण उन्हें अपनी जरूरतें पूरी करने में कठिनाई होती थी। खेती में बदलाव की इच्छा तो थी, लेकिन संसाधनों और जानकारी के अभाव के कारण वे कुछ नया करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। संतोष कुमार, पिता सियाराम को उद्यानिकी अधिकारी से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के बारे में जानकारी मिली और योजना के तहत उन्हें नई उद्यानिकी फसलों की खेती, आधुनिक तकनीकों और संसाधनों के लिए आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण प्रदान कर आगे बढ़ाया और योजना से गांव का सफल किसान बनने से उनका परिवार खुशहाल बन गया। जांजगीर चांपा जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत मरकाडीह धुरकोट में किसान संतोष कुमार पिता सियाराम को उद्यानिकी विभाग के माध्यम से हाइब्रिड भिंडी की खेती के फायदों के बारे में बताया गया। विभाग ने उन्हें इस योजना के तहत उच्च गुणवत्ता वाले हाइब्रिड भिंडी के खेती हेतु अनुदान उपलब्ध कराया। उन्हें वैज्ञानिक तरीकों से भिंडी की खेती, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उद्यानिकी वैज्ञानिकों ने खेत की मिट्टी के अनुरूप फसल और उचित फसल प्रबंधन के सुझाव दिए। उद्यानिकी विभाग सहायक संचालक श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि विभाग की सलाह के अनुसार हाइब्रिड भिंडी की बुवाई की। समय पर कीटनाशकों और रोग प्रबंधन तकनीकों का पालन करने से उनकी फसल स्वस्थ रही। उन्होंने 0.50 हेक्टेयर जमीन पर भिंडी का उत्पादन किया। बाजार में हाइब्रिड भिंडी की अच्छी मांग होने के कारण उन्हें फसल का बेहतर मूल्य मिला। फसल से ही संतोष कुमार को 1 लाख 20 हजार रुपये का शुद्ध लाभ हुआ।



इस सफलता से संतोष की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार हुआ। अपने बच्चों का लालन पालन कर रहे हैं और अपने घर में आधुनिक सुविधाएँ लाने में सक्षम हैं। संतोष की सफलता की कहानी उनके गाँव के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बनी। उद्यानिकी विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की मदद से कई अन्य किसानों ने भी हाइब्रिड सब्जियों की खेती शुरू करने की तैयारी कर रहे है। संतोष का कहना है कि अगर किसान शासन की योजनाओं का सही उपयोग करें और नई तकनीकों को अपनाएँ, तो खेती को लाभदायक व्यवसाय में बदला जा सकता है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना ने न केवल संतोष की, बल्कि उनके जैसे कई किसानों की जिंदगी बदल दी है।

## बोलेगा बचपन अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में बच्चों में आत्म-विश्वास को बढ़ावा देने और उनकी झिझक को दूर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। इस अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का जांजगीर ऑडिटोरियम में आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकुल स्तर से विकासखंड स्तर में हुए प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए विद्यार्थियों के मध्य आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने कविता वाचन एवं आत्म परिचय, कविता वाचन व पुस्तक वाचन, तात्कालिक भाषण, तात्कालिक निबंध एवं वाद विवाद प्रस्तुत, भाषण एवं निबंध लेखन में हिस्सा लिया जिसके तहत प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर छिकारा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि बोलेगा बचपन अभियान बच्चों में अभिव्यक्ति का विकास करने चलाया जा रहा हैं। इससे बच्चों में बोलने की झिझक दूर होगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में मंच पर बोलने को लेकर हमेशा ही झिझक होती है।

## कटघरी में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

■ मेले में 13 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत

दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में मंगलवार को दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जनपंद पंचायत स्तरीय आजीविका ऋण मेला का आयोजन अकलतरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कटघरी में किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने कहा कि जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधि शुरू करने के लिए आजीविका ऋण तत्काल उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं। अगर पूर्व में कोई व्यवसाय किया जा रहा है तो आजीविका ऋण लेकर उसका विस्तार किया जा सकता है। जिला स्तरीय आजीविका ऋण मेला में लगभग 13 करोड़ 7 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई। अतिथियों द्वारा ऋण मेला में आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति आदेश की प्रति का वितरण किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ हिमाशु गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक जन उपस्थित थे।




# विष्णु के सुशासन पर जिला प्रशासन लगा रहा ग्रहण

**तबादले के बाद भी विवादित उप संचालक जिला पंचायत जूली तिर्की को बना दिया सहायक रिटर्निंग आफिसर**

दबंग दुनिया ◆ कोरबा

जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता और जीरो टॉलरेंस की नीति पर भाजपा सरकार कार्य करते हुए विष्णु के सुशासन का नारा दे रही है। दूसरी ओर कोरबा में विष्णु के इस सुशासन पर जिला प्रशासन ग्रहण लगाने का काम कर रहा है। तबादले के बाद भी विवादित उप संचालक जिला पंचायत जूली तिर्की को सहायक रिटर्निंग आफिसर का जिम्मा सौंपा गया है। जूली तिर्की का सहायक संचालक, कार्यालय उप संचालक, पंचायत, जिला बिलाईगढ़-सारंगढ़ ट्रांसफर भी हो गया है पर अब तक रिलीव नहीं




किया जा रहा है। शासन के आदेशानुसार तबादले के एक सप्ताह के अंदर जिला मुख्यालय छोड़ना है, शासन के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। जिला प्रशासन भी इस मामले में शासन के आदेश का पालन कराने तनिक भी गंभीर नहीं है, उल्टे दूसरी ओर रिटर्निंग आफिसर नियुक्त करते हुए जिला प्रशासन ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। स्थानांतरण के बाद भी सुश्री जूली तिर्की को भारमुक्त न कर शासन के आदेश की अवहेलना की जा रही है। सुश्री तिर्की का विवादों से नाता रहा है। पूर्व विधायक व आदिवासी कद्दावर नेता ननकी राम कंवर भी पंचायत उप संचालक के खिलाफ शिकायत कर जांच की मांग कर चुके हैं। मगर भाजपा के राज में भी पार्टी के वरिष्ठ नेता की सुनवाई नहीं हुई। शासन के आदेश का जिला प्रशासन को कड़ाई से पालन करवाना है। इसके विपरीत जिला प्रशासन शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाने में लगा हुआ है। कांग्रेस राज में कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की करतूत के कारण कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में करारी हार मिली थी। कहीं जिला का यह कुशासन विष्णु के सु शासन पर भारी ना पड़ जाए।

### आदेश की कंडिका का किया जा रहा पालनः नाग

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग का कहना है कि शासन के स्थानांतरण आदेश की कंडिका का पालन किया जा रहा है। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर काम ज्यादा है। ऐसे में जिम्मेदारी दी गई है। ज्ञात रहे कि आदेश की कंडिका 6 के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र से गैर अनुसूचित क्षेत्र में स्थानांतरित किसी भी अधिकारी / कर्मचारी को उसके कार्यालय प्रमुख या नियंत्रण अधिकारी द्वारा तब तक कार्यमुक्त न किया जाए, जब तक कि उसका एवजीदार कार्य पर उपस्थित न हो जाए, तथापि अत्यावश्यक परिस्थितियों में यदि संबंधित कार्यालय में दो तिहाई पद यदि भरे हों तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थानांतरित शासकीय सेवक को कार्यमुक्त करने पर विचार किया जा सकता है।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त



**जांजगीर-चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज नगर पंचायत पिपरिया, जिला - कबीरधाम में नवनिर्मित श्री सीताराम मन्दिर के त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यहां पहुंचने पर थाना चौक के पास से ही संत महात्माओं ने पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया एवं श्री राम नाम संकीर्तन करते हुए उनकी अगवानी की। मंदिर पहुंचकर राजेश्री महन्त महाराज ने भगवान का दर्शन-पूजन किया तत्पश्चात उपस्थित सभी संत महात्माओं ने बारी-बारी से उनसे भेंट मुलाकात की एवं उनके आगमन पर प्रसन्नता जाताया। महन्त मोहित दास महाराज ने उन्हें कार्यक्रम की विषय वस्तु से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस अवसर पर महन्त राधामोहन दास, दयाल दास जी, देवनाथ दास, कोतवाल पवन दास तथा आचार्य संतोष शर्मा, अनिल शर्मा, पूर्णेन्द्र शर्मा, कमल शर्मा, देवांक शर्मा, तरुण शर्मा, जतिन शास्त्री, धर्मदास वैष्णव, रामकुमार वैष्णव, हरी राम साहू, हेमलता साहू, चंद्रिका प्रसाद पांडे, नंद कुमार वैष्णव, गंगादास वैष्णव, राजीव वैष्णव, गीता वैष्णव, सत्येंद्र वडघरे सहित भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# विधायक इन्द्र साव ने एक वर्ष के सफल कार्यकाल के लिए जनता के प्रति जताया आभार

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने अपने विधायकी कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र की जनता की मंशा के अनुरूप और भी विकास कार्य देखने को मिलेगा इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ,जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक चैतराम साहू,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राकेश वैष्णव,मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज जो स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हो रहा हैं वह आपके द्वारा दिया गया सहयोग एवं आशीर्वाद है जिसके लिए मैं आपका सदैव ऋणी रहूंगा। मेरे लिए आपकी कसौटी पर खरा उतरने के लिए अब सिर्फ 4 वर्ष रह गए इन एक वर्षों में हमने विपक्ष में रहते हुए भी अनेक विकास कार्यों के लिए पहल की है जिसमें भाटापारा शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ने, सेमरियाघाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के तालाबों का सौंदर्यकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों की नियुक्तियां, सिमगा अस्पताल को ट्रामा सेंटर बनाना,ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड, नालियों का निर्माण, सामुदायिक भवन, हाय मास्त लाइट, और नए खुल रहे उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्धता, अवैध शराब बिक्री की रोक हेतु आंदोलन जनकल्याणकारी कार्यक्रम आपके सहयोग से ही हम कर पाए हैं उन्होंने कहा कि जब से मुझे विधायक के रूप में आपने जिम्मेदारी सौंपी है तब से लेकर अब तक निरंतर आपके बीच रहने का,दुख सुख में शामिल होने का क्षेत्र की जनता के तकलीफ परेशानियों के निराकरण के लिए प्रयासरत रहा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी आने वाले वर्षों में भी आपके बीच रहूंगा तथा विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरी पहली प्राथमिकता है ।

श्री साव ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता से मैं आग्रह करता हूं कि मुझे अपने परिवार के सदस्य के समान अपनी हर एक छोटी बड़ी समस्याओं से अवगत कराये जिससे कि मैं उक्त समस्या के निराकरण के लिए प्रयास कर सकू पिछले 1 वर्षों में क्षेत्र की जनता ने जो प्रेम, विश्वास ,अपनापन दुलार दिया उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा और आने वाले समय में और अच्छा कर सकूं इसके लिए मुझे आपके मार्गदर्शन की नितांत आवश्यकता होगी। मै चाहता हु कि आप लोग समय-समय पर मेरा पथप्रदर्शित करते रहे जिससे मैं और मेरी पूरी टीम जनता की सेवा में तत्पर रह आपकी सेवा कर सके ।

कार्यक्रम में उपस्थित जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला ने कहा कि मैं जब जिला अध्यक्ष था तब इन्द्र साव भाटापारा शहर अध्यक्ष के रूप में मेरा सहयोगी थे। एक पार्षद के रूप में इसने आपकी सेवा की एक पार्षद से विधायक तक का सफर तय किया, उसके लिए पूरे क्षेत्र की जनता के प्रति कृतज्ञता जाहिर करता हु। कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह इन्द्र साव बहुत ही सुलझे हुए व्यक्ति हैं और उनके कार्य करने का अपना तरीका है। जिसके चलते विपक्ष में रहते हुए भी आप लोगों की आवाज विधानसभा में समय-समय पर उठाते रहते हैं। आप लोगों का सहयोग और आशीर्वाद हमेशा विधायक जी के साथ रहे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की इन्द्र साव ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने जनता की समस्याएं सुनी, समझी एवं उनका निराकरण भी किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव ने भी संबोधित किया।

सभा का संचालन पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने और आभार प्रदर्शन विधायक प्रतिनिधि सिमगा शैली भाटिया ने किया उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक ध्रुव, अमर मन्डावी,विनोद अग्रवाल, अरुण यादव, ईश्वर सिंह ठाकुर, सतीश अग्रवाल,सुरेश वर्मा, रोशन हबलानी, आलोक मिश्रा, बसंत भृगु, गौरी भृगु, डॉक्टर के के नायक, बाबूलाल साहू, देवनारायण बांधे, टेकसिंह ध्रुव, चंद्रशेखर चक्रधारी विधायक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा ,जीतू ठाकुर ,मुकेश साहू जीतू शर्मा, भारत वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, सिमगा पार्षद दशरथ चंद्राकर, लखन देवांगन ,मुरली शर्मा ,हीरालाल साहू, सुनीता यादव ,चंद्रकला साहू, तिलक देवांगन ,झाडू राम साहू ,बबली देवांगन, कुलदीप सलूजा, कुबेर यदु, दिनेश साहू, तुषार मानिकपुरी, हेमलाल साहू, सत्यजीत शेंडे, पूर्णिमा श्रीवास सहित काफी बड़ी तादाद में कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप राष्ट्रीय गौरव सम्मान से आदित्य राजे नई दिल्ली में सम्मानित



दबंग दुनिया ♦ रायपुर

पर्यावरण मित्र एवं बाल योग गुरू 11 वर्षीय डॉ. आदित्य राजे सिंह को दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महाराणा प्रताप राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

आदित्य राजे को यह सम्मान समाज हित, पर्यावरण संरक्षण तथा योग स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान की गई ' राष्ट्रीय कार्यकारिणी की यह यह बैठक एवं सम्मान समारोह प्राचीन शिव मंदिर क्षत्रिय धर्मशाला शकरपुर दिल्ली में आयोजित की गई थी ' इसमें रायपुर के आदित्य राजे सिंह को यह राष्ट्रीय गौरव सम्मान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तवर, पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय संरक्षक आनंद मोहन सिंह, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष डिंपल राणा , राष्ट्रीय महामंत्री अनिल सिंह चंदेल ,सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट ए.पी सिंह एवं दिल्ली के पूर्व एसीपी आलोक कुमार के हाथों प्रदान की गई।

इस मौके पर भारत के विभिन्न राज्यों से आए राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं सभी ने आदित्य राजे का उद्बोधन सुना तथा उनके द्वारा समाज हित एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों एवं इतनी कम उम्र में उनके उपलब्धियो की सराहना की।

## रवि सेन बने छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश संगठन सचिव

दबंग दुनिया ♦ बागबाहरा



छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रादेशिक सम्मेलन का आयोजन नैला जांजगीर के ऑडिटोरियम हाल में आयोजित किया गया था । प्रादेशिक सम्मेलन में राज्य भर के विभिन्न जिलों से पत्रकार साथी पहुंचे हुए थे । छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने अनुशंसा एवं समस्त सदस्यों के सहमति पर बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष रवि सेन को छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश संगठन सचिव का दायित्व सौंपा है । रवि सेन के प्रदेश संगठन सचिव बनने पर प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ,कन्हैया गोयल (महासचिव) महेश आचार्य , तिलका साहू (प्रदेश सचिव ) , रोमी सलूजा (प्रदेश संयुक्त सचिव) बलराज नायडू (जिला अध्यक्ष महासमुंद) , लितेश परमार (जिला उपाध्यक्ष) ब्लॉक अध्यक्ष गौरव चंद्राकर , शंकर लहरें , शुकदेव वैष्णव , महेश हरपाल , देवेंद्र साहू , भास्कर राव , गौरव बग्गा , ललित पटेल , आशीष गुप्ता , सत्या चंद्राकर , परमेश्वर साहू सुरेंद्र यादव , तारेश साहू , लोकनाथ खूंटे, संतराम कुर्रे नृपनिधि पांडे कमलेश डडसेना , राजा उपाध्याय , इरफान खान ,रवि विदानी सहित महासमुंद जिला एवं ब्लॉक इकाई के पत्रकार साथियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है ।

## थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा गाली गलौज कर मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

■ आरोपियों द्वारा एक कार मालिक से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते हुए किया गया मारपीट

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



दिनांक 09.12.2024 को प्रार्थी नरेंद्र सिंह ने थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 09.12.2024 को वह अपने कार से हटरी बाजार जा रहा था, कि करीब 07:35 बजे पुराना हर्षद मिष्ठान भंडार के बाजू वाली गली भाटापारा के पास पीछे से एक बाइक में सवार तीन व्यक्तियों द्वारा उसे इशारा कर-के रोका गया और कार को रोकते ही तीनों मोटरसाइकिल सवारों द्वारा उसके पास आकर उसे अश्लील गाली गलौज कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। उसने मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया तथा उसकी कार का शीशा में भी तोड़फोड़ कर दिया गया।

रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 552/2024 धारा 296,115(2), 351(2), 191(1), 324(4), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते हुए मारपीट करना एवं उसकी कार में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार सिटी उऋ04 छउ 9493 जप्त किया गया है। आरोपियों को आज दिनांक 10.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आरोपियों के नाम

1. विनोद कोसले उर्फ गोलू कोसले उम्र 28 साल निवासी भगत सिंह वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
2. प्रदीप डहरिया उम्र 21 साल निवासी भगत सिंह वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
3. आशीष कुमार धृतलहरे उम्र 19 साल निवासी भगत सिंह वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर

## मानव एवं हाथी द्वंद युद्ध से बचाव के लिए लंबर पहुँचा गज यात्रा




दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लंबर में सामान्य वन मंडल महासमुंद से गज यात्रा सह सावधानी रखने संबंधी जानकारी देने के लिए गजराज रथ गाड़ी पहुंची। जिसमें जंगली हाथियों का झुंड विगत कई महीनों से लंबर के आस पास के गांवों में भ्रमण कर रहे हैं। इसी वर्ष कुछ महीने पहले झालपाली, छिरार्बाहरा, लोहारिनडीपा के आस पास हाथियों के दल देखे गए थे। हाथियों से बचाव के लिए इस गजरथ यात्रा के माध्यम से क्या करें? क्या न करें? इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सामान्य बचाव संबंधी जानकारी से अवगत हुए। बच्चे इस प्रकार के कार्यक्रम से हर्षित होकर नई जानकारी प्राप्त करने में आनंद का अनुभव कर अपने-अपने घरों के लोगों को इस बचाव संबंधित जानकारी देने के लिए सहमति जताई है। इस समय स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठक समारू लाल चौहान,गिरिश कुमार पाढ़ी,चित्रा पटेल के साथ-साथ स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## भाटापारा के अग्निवीर में चयनित युवाओं का शिवरतन शर्मा ने किया सम्मान

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने मंगलवार को भाटापारा विकासखंड से चयनित दो युवक (यश साहू एवं हर्ष साहू) अग्निवीरों का भारत माता सैनिक एकेडमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मान किया..

रावणभाठा मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा द्वारा माला,शाल,श्रीफल प्रदान किया और उनका उत्साह वर्धन किया। युवा अग्निवीर सम्मान पाकर जोश से भर गए और भारत माता की जय के जयकारे लगाए।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि अग्निवीर के चयनित युवा देश-सेवा को लक्ष्य बनाकर आगे आए हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को सेना में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ बाकि जब अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद श्रेष्ठ नागरिक बनकर लौटेंगे। समाज में उनका सम्मान होगा। जिनके पास कठिन परिश्रम एवं अनुशासित जीवनशैली की सीख रहेगी। उनके हाथों में हुनर भी रहेगा। साथ ही देश के प्रति उन्होंने जो अपना समय समर्पित किया है उसका अभिमान भी मन में रहेगा। जिससे वे अच्छे अधिकारी बनेगें, अच्छे जनप्रतिनिधि बनेंगे, जीवन की नई शुरूआत करेंगे। उनका जीवन अलग और अनुशासित रहेगा। ऐसे अग्निवीर जो समाज और अपने जैसे अन्य युवाओं के लिए आदर्श रहेंगे।

शिवरतन शर्मा ने चयनित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लक्ष्यों को केन्द्रित करके सहज और निश्चिंतता के साथ कार्य करेंगे और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

शिवरतन शर्मा ने आगे रावण भाठा मैदान के विषय मे बताते हुए कहा की इस मैदान को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने हर सम्भव प्रयास किया जिस कारण यहा मैदान आज क्षेत्र के युवाओं के खेल एवं भर्ती अभ्यास से संबंधित सभी चीजों के काम आ रहा है, इस मैदान में बन रहे जिम का भी उन्होंने उल्लेख किया और एक नवीन हाल निर्माण की भी घोषणा की साथ ही कहा कि आने वाले समय मे मैदान या अन्य किसी भी खेल सामग्री,अभ्यास सामग्री की आवश्यकता युवाओं को होगी उसमें यथासंभव सहयोग करेंगे..

इस कार्यक्रम राकेश तिवारी, सुनील यदु, विवेकानंद निर्मलकर, प्रशांत वर्मा, रविन्द्र शर्मा, धनेश माधवानी, कोमल शर्मा, बजरंग ध्रुव, सुनील तिवारी, शंकर सोनी, अमृत साहू, सरिता ध्रुव, सहित बड़ी संख्या के मैदान में अभ्यास करने वाले युवा उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 को इंडोर स्टेडियम धमतरी में

दबंग दुनिया ♦ धमतरी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर को स्थानीय बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निदेर्शानुसार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उप संचालक पंचायत श्री अविनाश मसराम ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को अपने दायित्वों का सुगमतापूर्वक निर्वहन करने एवं प्रतिभागियों हेतु उचित व्यवस्था करने कहा। इस मौके पर सीईओ जनपद पंचायत धमतरी दीपक ठाकुर, उपआयुक्त नगर निगम धमतरी पी सी सार्वा, शिक्षा विभाग से एल डी चौधरी, सहायक संचालक कौशल विकास विभाग डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र धमतरी नितिन कुमार शर्मा, जिला संगठक रेडक्रॉस आकाश गिरी गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।गौरतलब है कि विकासखण्ड स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव में हिस्सा लेंगे। इसमें सांस्कृतिक के तहत सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, लाईफ स्कील के तहत कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला/तात्कालिक भाषण, कविता, थीमेटिक के तहत विज्ञान मेला, युवा कृति के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, फोटोग्राफी के तहत मोबाईल फोटोग्राफी (केवल जिला स्तर पर) और अन्य के तहत रॉकबैंड (केवल जिला एवं राज्य स्तर पर) आदि विधा में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

## किसानों की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

दबंग दुनिया ♦ धमतरी



ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में गांधी मैदान धमतरी में धान खरीदी में फैली अव्यवस्था तथा किसानो की समस्या निराकरण किये जाने के संबंध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन राज्यपाल के नाम सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया कांग्रेसियों ने कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा धान खरीदी केन्द्रो चलो अभियान चलाया गया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण एवं ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रो पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान अनेक परेशानियों से जूझ रहे है। जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा की बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानो के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा।महापौर विजय देवांगन ने कहा कि टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा, इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है।पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा की सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है जगह का अभाव है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। किसानो से पूरा 21 क्विटल धान नही खरीदा जा रहा है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ रही है। प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर ने कहा की सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके हैं, उनके खाते के रकम हफ्तो तक नहीं आया है। जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा की बीज उत्पादक किसानो से सोसायटी में धान नही खरीदा जा रहा है। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानो का धान नही लिया जायेगा। सोसायटी से धान संग्रहण केन्द्रो में भेजा जा रहा है जबकि व सीधे मिलरों के पास जाना चाहिए इस कारण सोसायटी में संग्रहण केन्द्रो के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। मजदूरी व्यय बढ़ गया है इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सूखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं में भी संबोधित किया।

## मुख्यमंत्री की पहल पर सुगमता से हो रही है धान की खरीदी

**दबंग दुनिया/रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक 38.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 8.28 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 8973 करोड़ 24 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 1.22 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया था, जिसके विरूद्ध 15 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 10 दिसम्बर को 78387 किसानों से 3.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है।

Scanned with OKEN Scanner

# साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

## कचरा प्रबंधन, जल जीवन मिशन, विभागीय अनुपयोगी वाहनों की नीलामी, प्राथमिक सहकारी समिति गठन जैसे विभिन्न मुद्दों पर कलेक्टर ने दिए निर्देश

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा



आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा पुनः सीएसआर एवं डीएमएफ के तहत कराए गए विभागीय निर्माण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्रस्तुति के संबंध में कहा कि नियत तिथि तक यदि विभागों द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे तो इन कार्यों के निरस्तीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। अतः दो दिवस के अंदर विभाग प्रमाण पत्र जमा कराएं। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उपयोगी एवं अनुपयोगी चिकित्सकीय उपकरणों के रखरखाव तथा क्रियाशील उपकरणों के संबंध में जानकारी चाही। इसके अलावा कलेक्टर ने कचरा प्रबंधन के उचित निपटान के लिए नगर पालिका तथा जनपद पंचायतों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आपसी समन्वय से प्रभावी रणनीति बनाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति, एवं अपूर्ण निर्माण टंकी के संबंध में ना खुशी व्यक्त करते हुए इसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। समय सीमा के बैठक में इसके अलावा संबंधित विभागों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने के कार्यों में की गई प्रगति, युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन करने संबंधी दिशा-निर्देश, डी०एम०एफ० मद से ग्राम पंचायतों में हाई मास्क लाइट लगाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत के तहत सभी कार्यालयों में महीने के किसी निश्चित दिन साफ-सफाई कर अपशिष्ट पदार्थों को डिस्पोजल करने के साथ-साथ स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किए जाने, टेकनार रोड की साफ-सफाई के लिए कार्ययोजना, दंतेवाड़ा जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, (महिला एवं बाल विकास विभाग), राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करने, एवं पोषण ट्रैकर पोर्टल में आधार अपडेट किये जाने, प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना, जिले अंतर्गत 34 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित सोलर पॉवर प्लांट बैटरी बैंको को आवश्यकता अनुरूप चिन्हांकित कर पृथक से कंट्रोल रूम बनाने हेतु सर्वे किये जाने जैसे विभिन्न समय सीमा प्रकरणों पर कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला के श्रमिक 12 को करेंगे प्रदर्शन : नजीब कुरैशी

दबंग दुनिया ♦ कांकेर

जिला के श्रमिक और कर्मचारी 12 दिसंबर को जिलाधीश कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित मांगपत्र जिलाधीश और श्रम पदाधिकारी को सौंपेंगे। उक्त आशय की जानकारी राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन के जिला सचिव सागर साहू ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार सत्तासीन होने के बाद से श्रमिक कर्मचारियों के अनेकों अधिकारों पर हनन हो रहा है। श्रम कानूनों का पालन नहीं हो रहा है।निर्माण श्रमिकों के कल्यालकारी योजनाओं में भारी कटौती किया जा रहा है। श्रमिकों के पंजीयन हेतु पुराने पद्धति को समाप्त कर स्व घोषणा के माध्यम से गैर श्रमिकों का पंजीयन किए जाने के कारण योजनाओं का लाभ श्रमिक नहीं ले पाएंगे।

मजदूर नेता ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में निकाय के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। उनकी मांगों के प्रति सरकार असंवेदनशील रुख अपनाया हुआ है। उन हड़ताली कर्मचारियों को सरकार के आदेश के अनुसार श्रम कानूनों का लाभ नहीं मिल रहा है।इसके साथ ही उनको मिलने वाली सुविधाओं में से भविष्यनिधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, ई एस आई , की सुविधा भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह भाजपा सरकार बड़े बड़े ठेकेदारों की हितों की रक्षा करने के लिए यह प्लेसमेंट नीति लागू कर सरकार की खजाने का राशि से उनको उपकृत कर रहा है और श्रमिकों के अधिकारों पर हमला कर रही है।

श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण हितग्राहियों के बीच राशि आवंटन में भेदभाव किया जा रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में सामग्री की ढुलाई का खर्च ज्यादा होता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में आबंटन शहरी क्षेत्र के आबंटन राशि से कम है। यह भेदभाव भी बंद होने की मांग उन्होंने की है।

# दो प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डबरी में गिरने और आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के दो प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील आमाबेड़ा अंतर्गत ग्राम आलानार निवासी 05 वर्षीय सुरेश गावड़े की गड्ढा में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता श्री सन्नू राम तथा श्रीमती मनसी को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए तथा गेड़गांव निवासी 19 वर्षीय सुभाष कोमरा की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित श्रीमती जैनीबाई को चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# अंडर 14 बालक एवं अंडर 17 बालिका कबड्डी टीम डीएवी ने नेशनल स्पोर्ट्स में लहराया अपना परचम

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा



परचेली कटेकल्याण ब्लाक- डी ए वी सीएमसी नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली व स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारत की ओर से दिल्ली के खेल गांव में आयोजित तीन दिवसीय अंडर 14 एवं अंडर 17 खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक और बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस आयोजन में 28 राज्यों के 819 विद्यालयों के 20000 छात्रों ने भाग लिया था। इस संबंध में खेल शिक्षक श्री साकेत यादव ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ डीएवी की ओर से परचेली की टीम प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही थी। सर्वप्रथम बालक टीम पहले ओडिशा, गुजरात महाराष्ट्र, हरियाणा को हराया फिर फाइनल में उनका सामना झारखण्ड के साथ हुआ। इस मुकाबले में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचेली ने फाइनल में झारखंड को हराकर बालक टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया। इस अंडर 14 बालक टीम में जग्गू मीडियमी, रग्गू मंडावी, मोनू मरकाम, राकेश मरकाम, रितेश, रोशन मंडावी, राकेश मंडावी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

इसी कड़ी में शिक्षिका श्रीमती महक नाग के साथ अंडर 17 बालिका टीम ने नेशनल गेम्स में तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रकार बालिकाओं के टीम में संजना कवासी, कोमल नाग, जोगी पदम, साधना, रीता कश्यप, शीबा मौर्या ने भी सराहनीय खेल दिखाया। उपरोक्त दोनों विजेता टीम के कटेकल्याण आने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्राचार्य श्री पी. वेणुगोपाल राव, आशीष भारद्वाज, गिरधर यादव, एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# 'गुरू घासीदास जयंती' के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आगामी 18 दिसम्बर 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन उन्होंने जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल.4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किए हैं। शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# पीजी कॉलेज कांकेर में साइकिल रैली का आयोजन




दबंग दुनिया ♦ कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने तथा मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ.व्ही.के.रामटेके द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को अनुमति दी गई। रैली महाविद्यालय के प्रांगण से होते हुए घड़ी चौक, अलबेला पारा से पुनः महाविद्यालय पहुची। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. सिकंदर कुजूर, डॉ.नेलसन खेस, डॉ. हेमलता साहू, डॉ.अनुपमा पटेल, प्रो. नमिता कुजूर, डॉ. पूनम साहू, डॉ. रामचंद साहू, जोगेन्द्र, राकेश कुमार थवाईत, लुब्धेश्वरी, शहाना शेख एवं विद्यार्थी उपस्थित थें। रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अलका केरकेट्टा एवं डॉ. आशीष नेताम ने किया।

# परिक्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

दबंग दुनिया ♦ बेमेतरा

परिक्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा ग्राम जेवरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू शामिल हुए, कार्यक्रम की शुरूआत भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात साहू समाज एवं सर्व समाज के वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल एवं साल भेंटकर विधायक दीपेश साहू के हाथों सम्मान किया गया।



**10 लाख 40 हजार रुपए के सीसी रोड़ निर्माण का किया भूमिपूजन :** कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपेश साहू जनता की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए समृद्धि बेमेतरा की उदेश्य और आज ग्रामवासियो की मांग को पूरा करते हुए आनंद किराना दुकान से उत्तरा दिवाकर के घर तक 200 मीटर सीसी रोड़ 5 लाख 20 हजार रुपए, बाजार चौक से रेवा साहू के घर तक 200 मीटर 5 लाख 20 हजार रुपए के सीसी निर्माण का भूमि पूजन कर ग्रामवासियो को बधाई दी इस प्रकार कुल मिलाकर 10 लाख 40 हजार के विकाश कार्यों का भूमि पूजन किया। इस दौरान समाजनों के मांग पर 20 लाख रुपए के कर्मा भवन की घोषणा भी किया।

**प्रधानमंत्री आवास के लिए छूटे लोगों को मिलेगा जल्द लाभ :** इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चाहे जो भी स्थिति रहा हो। अपने पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास किया और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाई और विष्णुदेव साय पर भरोसा जताया। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महिलाओं की खाते में ?1000 पहुंच रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की नेतृत्व वाली सरकार में हम विकाश कार्य से कोई कमी आने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री आवास के लिए जिनका भी नाम छूटा होगा उन्हें इनका लाभ जल्द मिलेगा। हमारे किसान भाइयों को 3100 रुपए की भाव की दर से धान खरीदी जा रही है जिससे किसानों के चेहरे में स्पष्ट खुशी झलक रही है। उज्वला योजना के तहत महिलाओं को सलेंडर गैस प्रदान किया जा रहा है। कच्चा आवास को ध्यान में रखते हुए गरीब किसान भाइयों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि के तहत साल 6 हजार किसान भाइयों को केंद्र सरकार द्वारा सीधे उनके खाते में ट्रांसफर किया जाने है जिससे 4 किसान खेती बाड़ी के दिनो में उनका उपयोग कर जरूरत के चीजों को पूरा कर रहे है इस प्रकार मोदी के गारंटी के किए गए वादों को डबल इंजन की सरकार के साय साय छत्तीसगढ़ में विकाश की बौछार हो रही है। इस दौरान झुमुख साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, लाल सिंह साहू, गिरधारी साहू, टीकाराम साहू, कोमल साहू, हेमकुमार साहू, संचालक जितेंद्र साहू , डोमन साहू, पंचराम डंडे सरपंच, योगेश साहू उपसरपंच, वेद प्रकाश साहू, राम सिंह साहू, दुलेश्वर साहू, मुक्तानंद साहू, नेतराम साहू, फल्गु साहू, माधव दास, मोहित साहू, झम्मनपुरी गोस्वामी, उत्तम कुमार, कुबेर, लक्ष्मी साहू, पुष्पा साहू, मोहित साहू, अशोक साहू, आनंद साहू एवं समस्त समाज के वरिष्ठ सामाजिक बंधु साहू समाज के पदाधिकारी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री के अनुशंसा पर जिले में विकास को मिली गति

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर कबीरधाम जिले के समग्र विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए 4 करोड़ 32 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति जिले की बुनियादी ढांचे और सामुदायिक परियोजनाओं के लिए विभिन्न मदों से दी गई है, जिससे विकास के नए रास्ते खोलेंगे। इसके तहत, विधायक निधि से 6 कार्यों के लिए 18 लाख रुपए, ओबीसी प्राधिकरण से 15 कार्यों के लिए 1 करोड़ 28 लाख रुपए, समग्र योजना से 37 कार्यों के लिए 95 लाख रुपए, और अधोसंरचना पर्यावरण मद से 27 कार्यों के लिए 1 करोड़ 91 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।



उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर जिले के विकास को गति देते हुए सीसी रोड, आहता निर्माण, चबूतरा निर्माण, मंगल भवन, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम शेड, रंगमंच, विभिन्न भवनों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, शौचालय निर्माण और चौक निर्माण किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि इन कार्यों के निर्माण से जिले के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास है और इससे क्षेत्रीय निवासियों को बुनियादी सुविधाओं में सुधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य कबीरधाम जिले के हर नागरिक की जिंदगी को बेहतर बनाना है। इन परियोजनाओं के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जिले में बुनियादी ढांचा और विकास कार्य तेजी से हो। हमें उम्मीद है कि ये कार्य न केवल जिले के विकास को गति देंगे, बल्कि स्थानीय समुदाय में आत्मनिर्भरता और समृद्धि भी लाएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से इन परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए है ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। इस पहल से कबीरधाम जिले में विकास के कई महत्वपूर्ण मोर्चों पर प्रगति होगी, जिससे स्थानीय समुदाय की जीवनशैली में सुधार आएगा।

# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर होंगे विविध आयोजन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और लंबित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए उनके जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन के निर्देश दिए। इस दौरान सायकल रैली, स्कूलों और छात्रावास में खेल गतिविधियां एवं क्विज प्रतियोगिताएं तथा अमृत सरोवरों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। साथ विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों का सम्मान भी किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण की जानकारी ली और कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाते हुए प्राथमिकता के साथ पूरा करें। उन्होंने मनरेगा के लंबित कार्यों में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**
E-mail -ceraj-phe-cg@nic.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा, निविदा सूचना/सिस्टम क्र 05/161607 दिनांक 22-11-2024 (जी क्रंमाक 242504027) की निविदा अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-242504455/3

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 162489/निविदा सूचना क्र. 08/वलेलि / 2024-25, डोंगरगांव, दिनांक 09.12.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.12.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम -** मोहला-मानपुर-चौकी जिले के विकासखण्ड मोहला की बोगाटोला जलाशय का जीर्णोद्वार एवं नहर लाईनिंग कार्य।

**अनुमानित लागत-** रू. 166.38 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 16.12.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव
कृते-अधीक्षण अभियंता
शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)

जी- 242504478/8

# विश्व मानवाधिकार दिवस के विशेष अवसर पर शासकीय हाई स्कूल जामगांव केशकाल में दी गई विधिक जानकारियां

दबंग दुनिया ♦ केशकाल



दिनांक 10/12/2024 को उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार, अंजली पांण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल, गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के निदेर्शानुसार श्रीमति मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के विशेष अवसर पर शासकीय हाईस्कूल जामगांव केशकाल के छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि, प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया भर में मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था । मानव अधिकार राष्ट्रीयता, लिंग, जातीय, मूल, रंग, धर्म, भाषा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त करती है और समानता के साथ जीने का अधिकार देती हैं।

हमें मानव अधिकारों की रक्षा करने के लिए एकजुट होना चाहिए। हमें अपने समाज में मानव अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। हमें उन लोगों की मदद करनी चाहिए जिन्हें मानव अधिकारों से वंचित किया गया है। अगर मानव अधिकार का हनन होता है तो इसकी शिकायत राष्ट्र मानव अधिकार , राज्य मानव अधिकार, महिला आयोग में की जा सकती है तथा शिकायत ऑनलाइन भी की जा सकती है।

इस अवसर पर अधिकार मित्र चमेली यादव थाना धनोरा के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।अधिकार मित्र की भूमिका की जानकारी दिया गया तथा नालसा सालसा की जानकारी देते हुए नालसा की एक योजना नालसा (नालसा ( नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 की जानकारी) योजना 2015 तथा अभिव्यक्ति एप, महिला हेल्प लाइन 1091, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 व बाल श्रम, बाल विवाह की जानकारी दिया गया । अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव के द्वारा नेशनल लोक अदालत, नशीली पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा नालसा हेल्प लाइन 15100, साइबर क्राइम के संबंध में तथा हेल्प लाइन 1930 और यातायात नियमों, मानव तस्करी की जानकारी दिया गया।

छात्र - छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। शिविर में अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव, कु. चमेली यादव थाना धनोरा एवं,समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व थाना केशकाल की स्टॉफ उपस्थित रही।

Scanned with OKEN Scanner

# आधुनिकता की इस दौड़ में पीछे छुटते व्यवसाय को मुख्यमंत्री श्री साय ने बनाया आय का जरिया

## कृषक उन्नति से किसान प्रेमचंद का बेटा कर रहा बीएससी एग्रीकल्चर

दबंग दुनिया ◆ धमतरी




खेती-किसानी का काम काफी चुनौती भरा होता है, कभी मौसम की बेमानी से होनी वाली अधिक वर्षा तो, कभी अल्पवर्षा। अगर वर्षा ठीक रही तो फसलों में बीमारी या कीट प्रकोप से निपटना एक बड़ी समस्या होती है, जिसके कारण किसानां को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। आधुनिकता की इस दौड़ में खेती-किसानी का काम पीछे छुटते व्यवसाय को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने खेती-किसानी को आय का जरिया बना दिया है। किसानों की आय को दुगुना करने के लिए अनेक किसान हितैषी योजनाएं संचालित की है। इन्ही योजनाओं में से एक है, मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना।धमतरी जिले के ग्राम भटगांव निवासी श्री प्रेमचंद साहू, जो कि मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित किसान है, वे बताते है कि उनके पास लगभग साढ़े सात एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे खेती-किसानी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे है। उनकी धर्मपत्नी एक कुशल गृहणी है, जो कि घर के कामकाज सम्हालती हैं और उनके दो बेटे है, जिसमें बड़ा बेटा यशराज राजधानी रायपुर में बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा है। वहीं छोटा बेटा स्थानीय निजी स्कूल में कक्षा 10 वीं की पढ़ाई कर रहा है। श्री प्रेमचंद ने बताया कि खेती किसानी पुस्तैनी काम है, जिसे उनके पूर्वज करते आये और अब वे खुद सम्हाल रहे है। वे खरीफ में धान की फसल और रबी में चना की फसल लेते है। गत वर्ष धान विक्रय की लगभग 32 हजार रुपए का बोनस उन्हें प्राप्त हुआ था, जिसका उपयोग उन्होंने अपने पुत्र की पढ़ाई के लिए किया। वे कहते है कि खेती-किसानी को अगर आधुनिक पद्धति से किया जाये, तो यह आय का अच्छा साधन बन सकता है, इसके लिए वे अपने पुत्र को एग्रीकल्चर की पढ़ाई करा रहे है। श्री प्रेमचंद ने बताया कि गांव में पहला ट्रेक्टर लाने वाला उन्ही का परिवार था। प्रेमचंद प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहते है कि ऐसी योजनाओं से प्रदेश के किसानों के माथे पर पड़ी चिंता की लकीरे हटने लगी है और उनके चेहरे पर मुस्कान आ गयी है। इसके लिए उनका हृदय से धन्यवाद।

बता दें कि मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना, छत्तीसगढ़ सरकार की एक किसान कल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इस योजना के तहत, किसानों को धान का समर्थन मूल्य से अधिक कीमत दी जाती है। इस योजना के तहत, किसानों को धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से दिया जाता है। जिसमें किसानों को समर्थन मूल्य से अंतर की रकम दी जाती है। किसान इस योजना से मिलने वाली रकम से अपने घर के काम, बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस योजना से किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है और खेती-किसानी में उनका रुझान भी बढ़ रहा है। साथ ही किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है और उनकी तरक्की भी हो रही है। इस योजना से मिलने वाली रकम से किसान खेत में बोर कराकर ज्यादा फसल का उत्पादन कर सकते हैं।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को किया गया सम्मानित



**महासमुंद।** राज्य सरकर गठन के 13 दिसम्बर को एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 के मध्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के आयोजित किया जाएगा। उक्त निर्देश के परिपालन में आज समाज कल्याण विभाग द्वारा आशियाना वृद्धाश्रम दलदली रोड़ महासमुन्द में वृद्धजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खेल-कूद कार्यक्रम का आयोजन, विशेष भोजन की व्यवस्था की गई थी। वृद्धजनों का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से वृद्धजन अत्यधिक खुश हुए और अपने दीघार्यु जीवन के अनुभव बताएं। इसी तरह जिले की आश्रम छात्रावास में बालिकाओं के खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें खो-खो, कबड्डी एवं अन्य स्थानीय खेलों को सम्मिलित किया गया तथा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

## ओड़गी महाविद्यालय सभागार में मानवाधिकार और उसके समक्ष चुनौती को लेकर व्याख्यान का आयोजन संपन्न

दबंग दुनिया ◆ ओड़गी




अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर महाविद्यालय सभागार में मानवाधिकार और उसके समक्ष चुनौती ₹को लेकर व्याख्यान का आयोजन हुआ उक्त व्याख्यान को लेकर प्रोफेसर श्रवण कुमार महाविद्यालय में उपस्थित हुए उन्होंने विद्यार्थियों के सम्मुख मानवाधिकार के जन्म,क्रियान्वन और समाज के द्वारा व्यक्तियों को उनके पालनार्थ अधिकार और कर्तव्य पर केंद्रित करते हुए मानवाधिकार कब और क्यों जरूरी है इन सभी जिज्ञासाओं पर प्रकाश डाला साथ ही व्यक्ति की स्वतंत्रता निजता जैसे अनेक मुद्दों पर अपना विचार साझा किया इसी कड़ी में महाविद्यालय प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते जी द्वारा मानवाधिकार विषय को लेकर अनुच्छेद और राष्ट्र व राज्य में मानवाधिकार आयोग की स्थापना क्यों की गई है इस पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रवण कुमार ने बच्चो से आए प्रश्न और जिज्ञासाओं को बारी बारी से प्रतिउत्तर देकर शांत किया और मानवाधिकार के प्रति सजग और जागरूक रहने का सन्देश दिया। उक्त दिवस व कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय आईक्यूएसी विभाग व एनएसएस के तत्वाधान में किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर सुश्री अनुराधा तिर्की राहुल साव,सहायक प्राध्यापक व राहुल सोनी, गंगा साहू, डॉ सुजीत कुमार अतिथि प्राध्यापक एव छात्र-छात्राए, कर्मचारीगण का सहयोग रहा।

## आयुष्मान योजना भुगतान को लेकर स्वास्थ्य विभाग से चर्चा



**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान योजना के भुगतान में आ रही कठिनाइयों के चलते भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व प्रदेश संयोजक अखिलेश दुबे, पूर्व जेडीए अध्यक्ष प्रेम चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग संचालनालय में डॉ गवई से मिलकर समस्याओं को अवगत कराया तथा जल्द ही समस्याओं के निराकरण करने की मांग की। डॉ. चोपड़ा ने डॉ गवई से कहा कि आयुष्मान योजना में पुरानी क्लेम हुई राशि का भुगतान नहीं हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि पुराने केस के क्लेम की राशि को धीरे धीरे कर के भुगतान किया जाए, परंतु नए क्लेम की राशि भुगतान को 20 दिनों के भीतर आवश्यक रूप से पूर्ण किया जाए, आयुष्मान केस को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है, जिसमें अस्पताल को बहुत दिनों बाद केस रिजेक्ट का सूचना दिया जाता है, जिससे अस्पताल वालों को आहत हो रहा है तथा आर्थिक क्षति पहुंच रही है। इस स्थिति में मरीज भी चले जाते हैं, जिनके केस क्लेम का शासन द्वारा रिजेक्ट कर भुगतान नहीं किया जाता। अगर केस क्लेम को रिजेक्ट किया जा रहा है तो मरीज के उपचार के दौरान ही सूचित कर दिया कि किस कारण से केस रिजेक्ट हो रहा है, जिससे उनको सुधार किया जा सके। इन सभी विषयों के साथ साथ आयुष्मान योजना की और कई समस्याओं को डॉ गवई के समक्ष अवगत कराया गया, तथा सभी विषयों के निराकरण की बात कही गई।

## बीईओ ओडगी राजीव सिंह ने किया अपने जन्मदिन पर न्यौता भोज का आयोजन

दबंग दुनिया ◆ ओड़गी



कलेक्टर सूरजपुर एस जयवर्धने के निर्देश व राम ललित पटेल जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में राजीव कुमार सिंह विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओडगी द्वारा अपने जन्मदिन पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक व कन्या आश्रम ओडगी में न्योता भोज का आयोजन किया गया, विदित हो छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु न्योता भोज का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओडगी राजीव कुमार सिंह द्वारा अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाते हुए न्योता भोज कराया गया, न्योता भोजन में चावल दाल सब्जी, खीर, पूड़ी पापड़ आदि स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, इस दौरान बच्चों द्वारा केक काटकर बधाईयां दी गई, तथा विद्यालय स्टाफ द्वारा स्मृति स्वरूप गिफ्ट भेंट किया गया, इस दौरान श्री सिंह ने अपने जन्मदिन को यादगार बताते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया, इस अवसर पर राजीव सिंह के साथ भाजपा मण्डल ओडगी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पत्रकार संतोष सिंह, मोहन राजवाड़े पत्रकार , मनोहर गुप्ता मंडल संयोजक ओडगी प्रदीप कुमार सिंह संकुल प्राचार्य ओडगी, सिद्धेश्वर सिंह बीपीओ ओडगी,दिवाकर प्रसाद जायसवाल संकुल समन्वयक धूर, संजय देव पाण्डेय संकुल समन्वयक ओडगी, कुंजलाल यादव संकुल समन्वयक खर्रा, राजेश कुमार पैकरा प्रभारी प्रधानाध्यापक, राखी सोनी प्रधान पाठक कन्या आश्रम, सुबरतानी मिंज अधीक्षिका कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ओडगी, शिल्पा गुर्जर, दयामनी बेक अधीक्षिका कन्या आश्रम, प्रिमा सिंदि ,अभिषेक सिंह, सहित विद्यालयीन स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## कमार बसाहटों में लगाया जा रहा श्रमिक पंजीयन शिविर

**धमतरी।** प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजनान्तर्गत बसाहटों में श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर आयोजित किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि आज नगरी विकासखण्ड के कल्लेमेटा ग्राम पंचायत के कमारपारा बसाहट में, 10 दिसम्बर को बगरूमनाला के आमापारा और कवाचीपारा बसाहट में, 11 दिसम्बर को बिरनासिल्ली, 12 दिसम्बर को राजपुर के कमारपारा और 13 दिसम्बर को कसपुर रैयत के जामपानी कमारपारा में श्रमिकों का पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए अधिकरी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली पशु कल्याण समिति की बैठक




**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पशु कल्याण समिति की बैठक ली। इस बैठक में भेड़ एवं बकरी, पशुपालकों का विशेष ध्यान रखते हुए किसी भी प्रकार की सर्जरी को निःशुल्क करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पशुओं के प्रबंध संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चिकित्सकीय एवं अन्य उपकरण खरीदने 14 लाख की स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार बैठक में 50 हजार पशुओं के प्रबंध आकस्मिक प्रबंधन के आरक्षित रखा गया। उल्लेखनीय है कि जिले में 92 पशु चिकित्सा संस्थाएं संचालित है। जहां पशुओं का इलाज किया जाता है। पशुओं के माइनर सर्जरी एवं आर्थोपेडिक सर्जरी में बीपीएल कार्डधारियों के लिए निःशुल्क इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं पशु चिकित्सा सेवाएं संयुक्त संचालक श्री शंकर लाल उइके समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर में कांग्रेसियों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

### किसानों के साथ अब कोई भी छल सहन नहीं किया जाएगा : रूपेश साहू

दबंग दुनिया ◆ फिंगेश्वर



ब्लॉक कांग्रेस फिंगेश्वर के नेतृत्व में आज एक-दिवासी धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य धान खरीदी केंद्रों में फैली अवस्था और किसानों की परेशानियों को लेकर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करना था धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा किसानों की स्थिति अब बर्दाश्त करने योग्य नहीं रही प्रदेश सरकार ने चुनावी वादों के बाद भी किसानों के लिए कुछ नहीं किया धान खरीदी केंद्रों पर बारदाने की कमी टोकन वितरण में अवस्था और इलेक्ट्रॉनिक कांटों में 1.5से2.5 किलो तक की तौलाई में कमी ने किसानों के सामने और भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं यह भाजपा सरकार की निष्क्रियता का परिणाम है और हम किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे।

जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, हरिशंकर श्रीवास्तव सुघरमल आड़े,ओमप्रकाश बंछोर, गेंदराम यादव, योगेश साहू,हेमलता सिन्हा,ने कहा धान खरीदी के मुद्दे पर सरकार की उदासीनता स्पष्ट है किसानों के अधिकारों के लिए हम कांग्रेस पार्टी के झंडे तले इस आंदोलन को तेज करेंगे। हम किसानों की आवाज उठाने के लिए सड़कों पर हैं कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानों के लिए काम किया है और हम उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे यह धरना सरकार को यह संदेश देने के लिए हैं कि हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक किसानों को उनके अधिकार नहीं मिलते।

भाजपा सरकार ने किसानों के लिए जो वादे किए थे वह सिर्फ कागजी साबित हुए हैं हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों के साथ खड़े हैं और सरकार से मांग करते हैं कि किसानों से उनकी पूरी धान खरीदी जाए साथ ही समर्थन मूल्य में उचित बढ़ोतरी की जाए।

धरने के अंत में कांग्रेस कार्यकताओं ने इस आंदोलन को प्रदेशभर में फैलने का संकल्प लिया और किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य सरकार को कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी कांग्रेस पार्टी ने इस धरने के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक किसानों को उनके अधिकार नहीं मिलते तब तक कांग्रेस पार्टी उनके संघर्ष में पूरी तरह से साथ रहेगी।इस दौरानउक्त अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंग साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू, जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, सेवादल अध्यक्ष, सुघरमल आड़े, दानसिंग निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिशंकर श्रीवास्तव, ओमप्रकाश बंछोर, डेकेश्वर ठाकुर, अनिल चंद्राकर, पार्षद कमलेश कमलेश यदु, डॉक्टर दिलीप साहू, महिला ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिन्हा, पार्षद सुनीता श्रीवास,धनराज सूर्यवंशी, गैंदालाल यादव, कमल भारती, शेषनरायण गुप्ता, तेजेश यदू टिकेश साहू, खिलेश साहू,मनोज सोनवानी, राजत्र्षि टंडन,जेठू बंजारे लक्ष्मण मांडले आशा धतलहरे,सरपंच सुंदर साहू देवानंद साहू रेवा साहू, रूमन यादव साहू,मानसिंग साहू,सुदामा वर्मा , अशोक निर्मलकर, युवराज बंटी सिन्हा वासुदेव यादव

रमेश वर्मा, होरीलाल वर्मा, वीरेंद्र साहू, रमेश साहू, डॉ राजेंद्र साहू, कस्तूरी तारक, नरसु ध्रुव , गौतम साहू कुलेश्वर धनकर के साथ-साथ सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 19 दिसम्बर तक

**धमतरी।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज से आगामी 19 दिसम्बर तक जिले में श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 9 दिसम्बर को कुरूद के कोसमर्रा, 10 दिसम्बर को नगरी के बगरूमनाला, 11 दिसम्बर को मगरलोड के बेलरदोना, 12 दिसम्बर को नगरी के राजपुर (कमारपारा), 13 दिसम्बर को धमतरी के अछोटा, 14 दिसम्बर को नगरी के नवागांव कसपुर, 15 दिसम्बर को कुरूद के सकरी, 16 दिसम्बर को भोथली, 17 दिसम्बर को धमतरी के आमदी, 18 दिसम्बर को कुरूद के भखारा और 19 दिसम्बर को मगरलोड के सिंगपुर में श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जिले के 4 मृतकों के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। धमतरी तहसील के ग्राम भोथली के श्री अगेश्वर साहू की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती ईश्वरी साहू को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह धमतरी के ग्राम पीपरछेड़ी की ओमलता यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता श्री मिथलेश यादव, मगरलोड तहसील के ग्राम हरदी की कुमारी मयूरी की मृत्यु सर्पदंश से होने पर उनके पिता श्री राजेन्द्र कुमार और नगरी तहसील के ग्राम हिन्छापुर के युवराज नागे की मृत्यु पानी में डूबने की वजह से होने पर उनके पिता श्री संतोष कुमार नागे को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## किसानों के हक लिए हमेशा संघर्ष करूंगा : गुलाब कमरो

दबंग दुनिया ◆ मनेन्द्रगढ़



भरतपुर सोनहत विधानसभा के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने प्रेस वार्ता कर कहा कि क्षेत्र की जनता व किसानों के न्याय के लिए हमेशा लड़ूंगा।भरतपुर सोनहत की विधायक रेणुका सिंह ने जिस तरह से मेरे ऊपर अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया गया है मैंने अपने 26 साल की राजनीति में कभी इस तरह के शब्दों का उपयोग नहीं किया ।यह सूरजपुर नहीं है एमसीबी जिला है ।कांग्रेस और यहां की जनता आने वाले समय में इसका जवाब देगी। उक्त बातें भरतपुर सोनहत विधानसभा के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने प्रेस वार्ता के दौरान कही पूर्व विधायक कमरों लगातार अपने बयानों में वर्तमान भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह को काल्पनिक सीएम दीदी कह कर संबोधित कर रहे हैं। हाल ही में कमरों ने विधायकों रेणुका सिंह को काल्पनिक सीएम दीदी कह सड़क से लेकर संसद तक लापता बताया था ,जिस पर विधायक रेणुका सिंह ने कड़ी प्रक्रिया देते हुए कहा कि मुझे लापता कहने वालों को जनता ने लापता कर दिया है ।उनका पता बदल दिया है ।विधायक ने कहा कि बड़बोलेपन से वे कमरों को बच्चा बुद्ध कहतीं है ।साथ ही कहा है कि कुंठा से ग्रस्त होकर कमरों उनके खिलाफ अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं ।ऐसी बयान बाजी नहीं करनी चाहिए। विधायक ने कहा कि मेरे से उलझने वाले लंबे समय तक राजनीति नहीं कर पाते हैं। भारतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के इस बयान को लेकर के पूर्व विधायक कमरों ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मुझे पहले भी धमकी मिल चुकी है। लगातार क्षेत्र की मांग उठाता रहूंगा की चांगभखार जिला कब बनेगा जनकपुर से ट्रेन कब चलेगी याद दिलाता रहूंगा विपक्ष का काम है सवाल उठाना लेकिन जिस तरह से विधायक ने कहा कि वे उनकी राजनीति समाप्त कर देंगी यह उनकी भूल है।

## तेंदुकोना में किराना व्यवसायी के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण, 2500 बोरा धान जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निदेशानुसार जिले में किसानों को उचित मूल्य दिलाने और खाद्यान्न की कालाबाजारी को रोकने के लिए लगातार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा श्री उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में बीती रात राजस्व विभाग और मंडी टीम द्वारा तेंदुकोना में किराना व्यवसायी अशोक पिता रामरतन के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में 2500 बोरा धान रखा पाया गया।

राजस्व विभाग और मंडी टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धान को जब्त कर लिया और उक्त व्यक्ति को जांच की कार्यवाही पूरी होने तक अभिरक्षार्थ सुपुर्द कर दिया। विभाग द्वारा आगे की जांच के बाद उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अशोक और उनके परिवार द्वारा इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है तथा जांच के दौरान वे आवश्यक दस्तावेजों का प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई है।

Scanned with OKEN Scanner

विचार मंथन

# अपनों का कत्ल

यूं तो हर रोज कई ऐसी खबरें विचलित करती हैं, जिसमें इंसानी रिश्तों का कत्ल होता है। लेकिन कुछ घटनाएं इतनी हृदयविदारक व वीभत्स होती हैं कि हर संवेदनशील व्यक्ति दुख व करुणा से स्तब्ध रह जाता है। पिछले दिनों दिल्ली की उस घटना ने विचलित किया, जिसमें आक्रोशित युवक ने पिता,मां व बहन की हत्या गुस्से में आकर कर दी। वहीं शनिवार को हरियाणा के शाहबाद की उस घटना ने हर किसी को झकझोरा, जिसमें पैसे के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़ित किए जाने पर एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, पत्नी की निर्मम हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। उसने कोशिश तो अपने किशोर पुत्र की हत्या की भी की लेकिन संयोगवश वह बच गया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें अपनों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने आठ लोगों द्वारा रुपयों के लेन-देन के लिये उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज भी किया है। अब भले ही हत्यारे व्यक्ति को रुपयों के लेन-देन को लेकर विकट स्थितियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन उसे इससे जन्म देने वाले माता-पिता व पत्नी की हत्या करने का अधिकार तो नहीं मिल जाता। आखिर उसके परिजनों का क्या कसूर था जिन्हें अकारण उसने मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, ऐसे मामलों में अकसर देखने में आता है कि विकट परिस्थितियों में बेहद तनाव की स्थितियों से गुजर रहा व्यक्ति इतना हताश हो जाता है कि अपने प्रियजनों को किसी अपमानजनक स्थिति से बचाने के लिये उनकी जीवन लीला समाप्त करना अंतिम विकल्प समझ लेता है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कई व्यक्ति वास्तविक आर्थिक स्थितियों का आकलन किए बिना ऐसे कदम उठा लेते हैं कि उसकी प्रतिपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है। दरअसल संकट से गुजरते व्यक्ति में मुश्किल हालातों से मुकाबले का ऐसा धैर्य ही नहीं रहता है कि उससे उबारने का रास्ता खोज सके। ऐसे में मौत को गले लगाना ही उसे अंतिम विकल्प नजर आता है। दरअसल, हमारे समाज में आज महत्वाकांक्षाओं और भौतिक संसाधन जुटाने का इस कदर जुनून हावी है कि आसन्न संकट का आकलन किए बिना व्यक्ति कर्ज के जाल में फंस जाता है। वहीं दूसरी ओर हमारे समाज में आर्थिक लिप्साओं के उफान के दौर में लोग इतने संवेदनहीन हो चले हैं कि व्यक्ति की दुखती रग पर हाथ रखकर भयादोहन करने लगते हैं। निश्चित रूप से ये विकट स्थितियां मानवीय मूल्यों के पराभव को भी दर्शाती हैं। शाहाबाद की हृदय विदारक घटना के लिये जिन लोगों को दोषी बताया जा रहा है, उन्होंने भी इतना रहम नहीं दिखाया कि यह परिवार उजड़ने से बच जाए। चंद रुपयों को वसूलने के क्रम में लोग किस हद तक गिर सकते हैं, यह घटनाक्रम उसकी बानगी है। एक समय था कि लोग ऐसे संकट में फंसे व्यक्ति की मदद के लिये खड़े होते थे। हमारा सामाजिक स्वरूप ऐसा था कि गांव-मोहल्ले के लोग एक-दूसरे का दुख-दर्द बांट लेते थे। आज हर तरफ लोग पैसे के पीर बन गए हैं। शहरों में लोगों में ऐसी संवेदनशीलता नजर नहीं आती है कि दूसरे व्यक्ति या परिवार को संकट में फंसा देखकर आर्थिक संबल देकर या मनोबल बढ़ाकर उसे सांत्वना दें। ऐसे में जब व्यक्ति अपनी व अपने परिवार की मयार्दा व सम्मान गर्दिश में देखता है, तो वह आत्मघात को संकट का आखिरी समाधान मान लेता है।

# निर्वासन और गीता रहस्य

महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस ने क्रांतिकारियों का दमन करने वाले मुजफ्फरपुर के अंग्रेज जज किंग्सफोर्ड पर बम फेंका। उनके हमले की तार्किकता पर प्रख्यात पत्रकार व स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने अपने पत्र केसरी में दो संपादकीय लिखे। जिसके चलते तिलक पर राजद्रोह का मुकदमा चला। अंग्रेज जज डावर के अलावा जूरी के सदस्य अंग्रेज थे और तिलक अपना पक्ष मराठी में रखते थे। फलतः मनमानी करते हुए जज ने तिलक को छह साल के लिये देश निकाला की सजा दी। जब इस फैसले पर तिलक से सफाई देने को कहा गया तो उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि मैंने केसरी में जो लिखा, उसे राष्ट्रीय आंदोलन के यज्ञ में अपनी आहुति मानकर लिखा। जो भी लिखा सोच-विचार करके लिखा। जिसके लिये मैं किसी भी सजा को भुगतने को तैयार हूं। आपसे मैं न्याय की आस नहीं करता। आपकी सत्ता से बड़ी ऊपर वाले की सत्ता है, जो स्वतंत्रता के प्रेमियों को न्याय दिलाएगी। मेरा मानना है कि मेरे लिये निर्वासन लक्ष्य प्राप्ति में मददगार और शक्तिदायक होगा। तिलक को सजा काटने के लिये बर्मा की मांडले जेल भेजा गया। देश से सैकड़ों मील दूर रहते हुए भी वे हताश नहीं थे। एक छोटी-सी कालकोठरी में उन्होंने अपने बहुचर्चित ग्रंथ गीता रहस्य की रचना की। **-डॉ. मधुसूदन शर्मा**

# सीरिया के तख्तापलट से मध्यपूर्व में नया संकट

सीरिया 14 वर्षों से गृहयुद्ध की चपेट में है। सीरिया में जो कुछ हुआ है, वह सभी एशियाई और अरब तानाशाहों के लिए एक चेतावनी होनी चाहिए। विस्थापित सीरियाई नागरिकों का रिएक्शन अमेरिका-यूरोप में जिस स्केल पर दिखा उससे ही समझ में आ जाता है, गृहयुद्ध में उलझा मिडल ईस्ट कितना तबाह हुआ है। विपक्ष समर्थक सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ूमन राइट्स के अनुसार, मार्च 2011 और मार्च, 2024 के बीच 164223 नागरिक मारे गए। इस संख्या में सरकारी जेलों में मारे गए अनुमानित 55,000 नागरिक शामिल नहीं हैं।

दमिश्क में पूर्व राष्ट्रपति हफीज अल असद के बुत उठाये जा रहे हैं। तानाशाहों के ताज उछाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन का दावा है कि इस्राइल द्वारा ईरान और हिजबुल्लाह पर किए गए प्रहार का सीरियाई क्रांति पर सीधा प्रभाव पड़ा है। लेकिन इस्राइल को चिंता बफर जोन की है। सीरियाई विद्रोही कब्जा न करें, इस वास्ते इस्राइली बलों को आदेश दिया है वो सतर्क रहें। ईरान का आरोप है कि यह सारा खेल अमेरिका, इस्राइल और तुर्किये का रचा हुआ है। लेकिन, यदि यह त्रिगुट आइसिस और अल कायदा की विचारधारा पर चलने वाले हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) को प्रोमोट करता रहा है, तो मानकर चलिए कि मिडल ईस्ट में एक खतरनाक खेल हुआ है। इस खेल का नाम था ऑपरेशन डिटरेंस ऑफ एग्रेशन।

एचटीएस को यहां तक पहुंचने में बारह साल लगे। पहले इसे अल-नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था। जबात अल-नुसरा का गठन 2012 में आइसिस द्वारा किया गया था। एक साल बाद यह गुट अलग हो गया, और फिर जबाहत फतेह अल-शाम नाम रखकर अल-कायदा के प्रति निष्ठा की घोषणा कर दी। कालांतर में इसने अल-कायदा से भी संबंध तोड़ लिए, और 2017 में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) नाम से अपनी ब्रांडिंग शुरू कर दी। एचटीएस इदलिब को नियंत्रित करता है। उत्तर-पश्चिम सीरियाई शहर इदलिब विद्रोहियों का एपिसेंटर रहा है, जहां दूसरे आतंकी समूह, लिवा अल-हक, जबात अंसार अल-दीन और जैश अल-सुन्ना इससे जुड़ गए।

सीरिया की सीमा उत्तर में तुर्की, पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में लेबनान और इस्राइल, पूर्व में इराक, और दक्षिण में जॉर्डन से लगती है। मानकर चलें कि जब तक सीरिया में चुनाव होकर एक निर्वाचित सरकार नहीं आ जाती, यह पूरा इलाका डिस्टर्ब रहेगा। सीरिया की राजधानी में इराकी दूतावास की इमारत को खाली करा लिया गया है, और कर्मचारियों को लेबनान भेज दिया गया है। यह इराक द्वारा सीरिया के साथ अपनी सीमा को बंद करने, और दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हयात तहरीर अल-शाम विद्रोही समूह के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुआ है। रूस, ईरान, तुर्की, इराक, मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब और कतर ने दोहा में सीरिया का राजनीतिक समाधान निकालने आह्वान करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया है। दूसरी ओर, सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अलजलाली ने स्वतंत्र चुनाव कराये जाने की मांग की है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है, रूस मिडल-ईस्ट से अपना मिलिटरी बेस हटाता है, कि नहीं? सीरिया के लताकिया प्रांत में रूस के खमीमिम एयरबेस और तटीय नगर पर टार्टस में इसकी नौसैनिक सुविधा है। टार्टस मिडल ईस्ट में रूस की एकमात्र भूमध्यसागरीय मरम्मत और पुनःपूर्ति केंद्र है। मास्को के लिए यह वैसा बेस है, जहां से उसके मिलिटरी कॉन्ट्रैक्टर अफ्रीका में स्थित ठिकानों पर उड़ानें भरते हैं। बशर अल असद की वजह से रूस



को टार्टस में एक नौसैनिक अड्डा और खमीमिम में एक सैन्य हवाई अड्डा हासिल हुआ था। बदले में मॉस्को की सेना 2015 में सीरियाई संघर्ष में सैन्य रूप से शामिल हो गई, जिसने खूनी गृहयुद्ध में विपक्ष को कुचलने के लिए असद की सेना को सहायता प्रदान की। हमीमिम एयरबेस और टार्टस हटाने के लिए, क्या एक और युद्ध होगा? इस सवाल को हम यहीं छोड़े जाते हैं।

लेकिन, सबसे डरावना है अरब विद्रोह, या अरब स्प्रिंग, जो मिडल ईस्ट के शाही परिवारों और डायनेस्टी पॉलिटिक्स करने वालों की नींद उड़ाए हुए है। अरब स्प्रिंग के बीज 17 दिसंबर, 2010 को बोए गए थे, जब ट्यूनीशियाई सड़क पर खोमचे लगाने वाला मोहम्मद बौआजीजी ने पुलिस दुर्व्यवहार के विरोध में आत्मदाह कर लिया था। आत्मदाह देखकर क्रांति भड़क उठी। 14 जनवरी, 2011 को ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति जीन एल अबिदीन बेन अली देश छोड़कर भाग गए। ट्यूनीशिया के बाद, अरब स्प्रिंग की गति बढ़ती रही। 25 जनवरी, 2011 को मिस्र में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए, जिसके परिणामस्वरूप 11 फरवरी को राष्ट्रपति होस्नी मुबारक ने इस्तीफा दे दिया।

यह अशांति और फैल गई, 15 फरवरी, 2011 को लीबिया में मुअम्मर गद्दाफी के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। कर्नल मुअम्मर गद्दाफी ने लीबिया पर कुल 42 साल तक राज किया, कर्नल गद्दाफी सबसे अधिक समय तक राज करने वाले तानाशाह के रूप में जाने जाते थे। 20 अक्तूबर, 2011 को गद्दाफी मारे गये, लेकिन उससे पहले उनकी बड़ी दुर्गति हुई।

इन सारी घटनाओं से प्रेरित विद्रोह की लहर 2011 में सीरिया पहुंची, उसे कुचलने के लिए असद शासन ने क्रूर बल का इस्तेमाल किया। दूसरी ओर मार्च 2013 अमेरिका ने सीरियाई विपक्ष को सहायता प्रदान करना शुरू किया। उसी साल 21 अगस्त को घोउटा में विद्रोहियों पर रासायनिक हथियारों से हमला हुआ। अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। सितम्बर में सीरिया अंतर्राष्ट्रीय निगरानी में अपने रासायनिक हथियारों को नष्ट करने के लिए सहमत हुआ।

14 अप्रैल, 2018 को रूसी बलों द्वारा समर्थित सीरियाई सरकार ने लंबे समय तक घेराबंदी और भारी बमबारी के बाद पूर्वी घोउटा पर फिर से कब्जा कर लिया। 31 दिसंबर, 2020 को असद सरकार ने अलेप्पो पर भी नियंत्रण हासिल कर लिया, जो युद्ध में एक बड़ा मोड़ था। 26 मई, 2021 को बशर अल-असद को सीरिया के राष्ट्रपति के रूप में चौथी बार फिर से चुना गया, चुनाव की निष्पक्षता की अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बावजूद उन्हें 95.1 प्रतिशत वोट मिले।

सीरिया 14 वर्षों से गृहयुद्ध की चपेट में है। सीरिया में जो कुछ हुआ है, वह सभी एशियाई और अरब तानाशाहों के लिए एक चेतावनी होनी चाहिए। विस्थापित सीरियाई नागरिकों का रिएक्शन अमेरिका-यूरोप में जिस स्केल पर दिखा उससे ही समझ में आ जाता है, गृहयुद्ध में उलझा मिडल ईस्ट कितना तबाह हुआ है। विपक्ष समर्थक सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ूमन राइट्स के अनुसार, मार्च 2011 और मार्च, 2024 के बीच 164223 नागरिक मारे गए। इस संख्या में सरकारी जेलों में मारे गए अनुमानित 55,000 नागरिक शामिल नहीं हैं। भारत ने हाल ही में सीरिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नवीनीकृत करने के प्रयास शुरू किए थे। फरवरी 2023 में विनाशकारी भूकंप के बाद ऑपरेशन दोस्त के नाम से भारत ने सीरिया को मानवीय सहायता भेजी थी, जबकि पश्चिमी देश ऐसा करने के लिए अनिच्छुक थे। भारत ने असद शासन को हटाने के लिए विदेशी हस्तक्षेप का विरोध किया था। भारत और सीरिया ने 29 नवंबर, 2024 को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय परामर्श का छठा दौर आयोजित किया था। सीरिया में करीब 90 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से 14 संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न संगठनों में काम कर रहे हैं। **-पुष्परंजन**

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

# रायपुर में प्रयागराज महाकुंभ-2025 रोड शो संपन्न

■ उत्तरप्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा हुये शामिल

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने रायपुर में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल महामहिम श्री रमन डेका, माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा वहां की सम्मानित जनता को प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है।

रोडशो के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा - कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत की दिव्य और जीवंत झांकी है। आप सबमें बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुम्भ-2019 का दिव्य एवं भव्य अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबन्धन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा।

प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने समयबद्ध ढंग से समुचित प्रबंध कर लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर महाकुंभ 12 वर्ष के अंतराल पर एक बार फिर प्रयाग की पुण्य धरा पर आयोजित हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि महाकुंभ-2025 को हरियाली से भरा बनाने के लिए क्लीन के साथ-साथ ग्रीन कुंभ पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण भी किया गया है। मेले के खत्म हो जाने के बाद पौधों को संरक्षण खुद उत्तर प्रदेश सरकार करेगी।

परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है। 20 बेड के दो और 8 बेड के छोटे अस्पताल भी तैयार किए गए हैं। मेला क्षेत्र और अरैल में 10-10 बेड के दो आईसीयू, आर्मी हॉस्पिटल की ओर से बनाए गए हैं। इन अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके दृष्टिगत 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट, 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ और 182 स्टॉफ नर्स की व्यवस्था है। यही नहीं अस्पतालों में पुरुष, महिला और बच्चा वार्ड अलग-अलग तैयार किए गए हैं। डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टर्स रूम भी रहेंगे।

## कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक जारी किया

**मुंबई।** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरूआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा। कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में 2025 के लिए मुख्य प्रवृत्तियों और प्रभावों का विवरण दिया गया है।

## ईस्टमैन ने भारत में सबसे बड़ी इन्वर्टर बैटरी रेंज लॉन्च की

**नई दिल्ली।** पॉवर सॉल्यूशंस के मुख्य प्रदाता, ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने आज अपने इन्वर्टर बैटरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 170+ स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) के साथ ईस्टमैन ब्रांड के अंतर्गत 100 से ज्यादा और ADDO ब्रांड के अंतर्गत 70 से ज्यादा नए मॉडल पेश किए। इस विस्तार के साथ ईस्टमैन इन्वर्टर बैटरी बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करने वाली कंपनी बन गई है, जो पॉवर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए समाधान प्रदान कर रही है। इसके विस्तृत पोर्टफोलियो में




अब 100Ah से लेकर भारत में पहली बार पेश किए गए 400Ah तक के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और उद्योग जगत के हर प्रयोग के लिए ऊर्जा समाधान प्रदान करेंगे।

ईस्टमैन अपनी पूरी रेंज के लिए उद्योग में अग्रणी वॉरंटी के साथ भारतीय इन्वर्टर बैटरी बाजार में विश्वसनीयता का नया मानक स्थापित कर रहा है। ग्राहकों को 3 महीने से लेकर 240 महीने (20 साल) तक की लंबी वॉरंटी प्रदान करके ईस्टमैन अपने उत्पादों की गुणवत्ता में अटूट विश्वास प्रमाणित कर रहा है।

## अमेजन फैशन ने पेश किया 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल'

**बेंगलुरु।** अमेजन फैशन ने अपने ग्राहकों को आकर्षित करने लिए वार्डरोब रिफ्रेश सेल के अपने 15वें एडिशन की घोषणा की है। कंपनी की ओर से पेश इस विंटर फैशन एक्स्ट्रावेगेंजा में ग्राहकों को अपैरल, एक्सेसरीज, ब्यूटी एवं ज्वेलरी से लेकर गर्म कपड़ों, फेस्टिव वियर, ट्रैवल, पार्टी एवं शादी विवाह से जुड़े कपड़ों की विशाल रेंज में से शॉपिंग का मौका मिलेगा। यह सेल अमेजन फैशन के विशाल संग्रह के साथ खासतौर पर तैयार की गई है। इस सेल में 30 मिलियन से ज्यादा प्रोडक्ट को शामिल किया गया है, जिसमें अपैरल, ब्यूटी, फुटवियर, एक्सेसरीज, ट्रैवल लगेज आदि से जुड़े 1.2 लाख ब्रांड की 30 लाख से ज्यादा स्टाइल शामिल हैं। अपनी इस बेहतरीन पेशकश के साथ, वार्डरोब रिफ्रेश सेल उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है जो लेटेस्ट ट्रेंड और क्लासिक्स कलेक्शन के साथ सर्दी के दौरान अपनी वार्डरोब को एक बार फिर नया रूप देना चाह रहे हैं।

## ईस्टमैन ने भारत में सबसे बड़ी इन्वर्टर बैटरी रेंज लॉन्च की

**नई दिल्ली।** पॉवर सॉल्यूशंस के मुख्य प्रदाता, ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने आज अपने इन्वर्टर बैटरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 170+ स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) के साथ ईस्टमैन ब्रांड के अंतर्गत 100 से ज्यादा और ADDO ब्रांड के अंतर्गत 70 से ज्यादा नए मॉडल पेश किए। इस विस्तार के साथ ईस्टमैन इन्वर्टर बैटरी बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करने वाली कंपनी बन गई है, जो पॉवर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए समाधान प्रदान कर रही है। इसके विस्तृत पोर्टफोलियो में अब 100Ah से लेकर भारत में पहली बार पेश किए गए 400Ah तक के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और उद्योग जगत के हर प्रयोग के लिए ऊर्जा समाधान प्रदान करेंगे। ईस्टमैन अपनी पूरी रेंज के लिए उद्योग में अग्रणी वॉरंटी के साथ भारतीय इन्वर्टर बैटरी बाजार में विश्वसनीयता का नया मानक स्थापित कर रहा है। ग्राहकों को 3 महीने से लेकर 240 महीने (20 साल) तक की लंबी वॉरंटी प्रदान करके ईस्टमैन अपने उत्पादों की गुणवत्ता में अटूट विश्वास प्रमाणित कर रहा है।

## निराशा के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स सपाट तो निफ्टी कमजोर

शेयर बाजार मंगलवार 10 दिसंबर 2024 को निराशा के बंद हुआ. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1.59 अंक की मामूली बढ़त के 81,510.05 अंक पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी भी 8.95 अंक या 0.04% गिरकर 24,539.15 अंक पर हुआ. सरकार ने सोमवार को आरबीआई गवर्नर के तौर पर राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को नियुक्त किया था.

कारोबार की शुरूआत में बीएसई सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से 20 शेयर में बढ़त और 10 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है. एनएसई के 2885 शेयरों में से 1438 हरे निशान पर और 1367 लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं, जबकि 80 शेयरों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ है. कारोबार के आखिर में एनएसई पर श्रीराम फाइनेंस का शेयर 2.40% की तेजी के साथ 3181.60 रुपये पर बंद हुआ.

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में सपाट रुख रहा. निचले स्तरों से वापसी ने गिरावट पर खरीदारी की रणनीति का संकेत दिया. चीन की अतिरिक्त प्रोत्साहन योजनाओं ने एशियाई बाजार की धारणा को बढ़ावा नहीं दिया. व्यापक बाजार ने बेहतर प्रदर्शन किया. इसने मिड और स्मॉल कैप के नेतृत्व में अपने सकारात्मक रुझान को बनाए रखा. अमेरिकी आईटी खर्च में सुधार की आशा में आईटी सूचकांक नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया. अमेरिका और भारत से आने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़े संभावित भविष्य की दरों में कटौती के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## अमेजन पे गिफ्ट काड्र्स के साथ उपहार संस्कृति का एक दशक खुशी और उत्सव के साथ मनाएं

ग्राहकों को उपहार देने की सुविधा और विविधता के साथ एकदशक की खुशी मनाने के अवसर पर, अमेजन पे ने घोषणा की कि उसने भारतीयग्राहकों को एक बिलियन से अधिक गिफ्ट काड्र्स सफलतापूर्वक वितरित किए हैं, जोभारतीय गिफ्ट कार्ड बाजार में इन काड्र्स की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है। पाइनलैब्स द्वारा क्विक सिल्वर ब्रांड नाम के तहत और अमेजन पे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड(अमेजन पे) के ब्रांड के साथ जारी किए गए इन गिफ्ट काड्र्स की शुरुआत आर्थिक वर्ष2014 में हुई थी। तब से, अमेजन पे गिफ्ट काड्र्स ने लगातार ग्राहकों को मूल्य प्रदानकिया है और साल दर साल दो अंकों की वृद्धि दिखायी है।

अमेजन पे अब गिफ्ट काड्र्स के एक विस्तृत विकल्प की पेशकश करता है, जिसमेंअमेजन शॉपिंग वाउचर्स, अमेजन फ्रेश वाउचर्स, अमेजन प्राइम वाउचर्स और नएअमेजन गोल्ड वाउचर्स शामिल हैं, जो सभी ग्राहकों को उनके उपहार विकल्पों मेंअधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये पेशकशें विभिन्नप्रकार की प्राथमिकताओं को पूरा करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर किसी केलिए कुछ न कुछ है।

भारत के तेजी से बढ़ते गेमिंग समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए, जो 400 मिलियन से अधिक गेमर्स तक फैला हुआ है (स्रोतः इन्वेस्ट इंडिया), अमेजन पे नेलोकप्रिय प्लेटफार्मों जैसे कि एप्पल एप्प स्टोर, वैलोरंट, यूनिपिन, स्टिम और प्लेस्टेशन के लिए गेमिंग गिफ्ट काड्र्स पेश किए हैं। इन नए गिफ्ट काड्र्स ने तेजी सेलोकप्रियता हासिल की है, जिसके परिणामस्वरूप अमेजन पे के मौजूदा गिफ्ट कार्डबेस की तुलना में मासिक बिक्री में 10% की वृद्धि हुई है।

नेहा गुप्ता महात्मे, डायरेक्टर - स्टोर्ड वैल्यू और गिफ्टिंग, अमेजन पे ने इस अवसर परकहा, हम अपने ग्राहकों के आभारी हैं जिन्होंने पिछले दशक में अमेजन पे गिफ्टकाड्र्स को एक विश्वसनीय और पसंदीदा विकल्प बनाया। एक बिलियन से अधिकगिफ्ट काड्र्स वितरित किए गए हैं, और लाखों ग्राहकों ने सरल और सार्थक तरीके सेउपहार देने की खुशी साझा की है। 2024 के अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरानगिफ्ट काड्र्स की खरीदारी में 40% की वृद्धि हमारे ग्राहकों द्वारा दिखाए गए बढ़ते विश्वास और स्नेह को दर्शाती है। इस मील के पत्थर का जश्न मनाते हुए, हम अपनेग्राहकों की जरूरतों और प्राथमिकताओं को सही तरीके से पूरा करने के लिए गिफ्टिंगसमाधान में निरंतर सुधार और वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

## 52 परी से रूपये पैसे का दाव लगाकर जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को डभरा पुलिस ने किया गिरफ्तार, 19500 रूपये किये जप्त

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री रमा पटेल (रा.पु.से.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर डभरा अंजली गुप्ता (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे. अवैध जुओं, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थो पर रोकथाम के लिए दिये गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी डभरा के द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात किया गया था। घटना दिनांक 08. 12.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बाडादरहा डेम के पास कुछ व्यक्ति द्वारा 52 पत्ती तास से रूपये पैसे लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करने पर जुआ खेलते पकड़े गये जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम 01. दुर्गा प्रसाद साहू पिता ईतवारी सिंह साहू उम्र 40 वर्ष साकिन बसनाझर थाना खरसिया 02. सत्यनारायण पिता बेदराम राठिया उम्र 43 वर्ष साकिन नहरपाली थाना भूपदेवपुर 03. विष्णु प्रसाद गबेल पिता ठण्डाराम गबेल उम्र 41 वर्ष साकिन नैनापारा थाना खरसिया 04 अरविंद कुमार डनसेना पिता परमानंद डनसेना उम्र 49 वर्ष साकिन सोनबरसा थाना खरसिया के फड़ एवं पास से 19500 रूपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 444/2024 धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि 2022 कायम कर दिनांक 08.12.2024 को गिरफ्तार कर मामला जमानती होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक प्रवीण राजपूत सउनि. शंकरलाल साहू, प्र. आर हेमंत राठौर, आर. मानसिंह कुर्रे, धनेश्वर दिवाकर, चौकी फगुरम से आर. सुभाष राज, जयदेव साहू का विशेष योगदान रहा।

## वीर घाटी का निरीक्षण करने चिवराकुटा पहुंचे केशकाल विधायक नीलकंठ

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**



विकासखंड के ग्राम चिवराकुटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 53 किनारे स्थित ऐतिहासिक वीर घाटी का निरीक्षण करने कि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सरायपाली पहुंचे हुए थे। इस दौरान अमृतलाल जगत ब्लाक अध्यक्ष बसना, चुम्मनलाल पुहुप, युवराज रावल, राजेन्द्र सिंह सिदार, गणेशराम सिदार, क्षेत्रोलाल सिदार अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सरायपाली ने विधायक नीलकंठ टेकाम और उनके टीम का आदिवासी संस्कृति परम्परा अनुसार पीला अक्षत, तिलक वंदन गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किये तत्पश्चात ऐतिहासिक वीर रणभूमि क्षेत्र का निरीक्षण करने चिवराकुटा पहुंचे।

जानकारी अनुसार 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का ओडिशा राज्य के पारिवारिक रिश्तेदार घेंस जमींदार माधव सिंह का पुत्र हटेसिंह जो शहीद वीर नारायण का रिश्तेदार और संबलपुर के शहीद वीर सुरेन्द्र साय के मित्र रहें हैं। जिन्होंने संयुक्त रूप से अपनी सैन्यबलों के साथ परम्परागत अस्त्र शस्त्र भाला- बरछी तीर-कमान और तलवार से भारत माता की रक्षा के लिए चिवराकुटा के पास निशाघाटी नामक स्थल पर 250 से अधिक आक्रमणकारियों को युद्ध में परास्त कर फिरंगियों को दूर भगाने में कामयाब हुए थे।आज भी इस क्षेत्र के बिंझवार आदिवासी समाज प्रति वर्ष दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में सामाजिक सम्मेलन कर आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी की पूजा पाठ कर वीर घाटी में वीरों को याद करते हैं। इस दिशा में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने सभी ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित और चीर स्मरणीय रखने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्णय लिया है।जिनके प्रतिनिधि के रूप में केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज लोकेन्द्रसिंह कुमर्रा, राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड समाज प्रदेश अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश प्रमुख पदाधिकारी गण आर एन ध्रुव प्रांताध्यक्ष, एस पी ध्रुव महासचिव, एमएल ध्रुव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं जिला महासमुन्द से डी डी मांझी, जिला प्रमुख सर्व आदिवासी समाज, अनंत वर्मा सुरेन्द्र भोई, गोलू रावल आदि की निरीक्षण टीम सरायपाली पहुंचने पर तहसीलदार श्रीधर पण्डा एवं पुलिस प्रशासन सरायपाली मौजूद रहे।

जहां बिंझवार आदिवासी प्रमुख टीमन बरिहा, पुजारी राजकुमार बरिहा, रूपबो बरिहा, बैशाखू बरिहा, नित्यानंद बरिहा, दुबराज बरिहा, अनंतराम बिसी, जगदीश चौहान ब्लाक अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संघ सरायपाली, विरेन्द्र चंद्रवंशी, तिलक पटेल,भाजपा नेता रोमी सलूजा आदि बहु संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण टीम के प्रमुख टेकाम ने इस ऐतिहासिक वीर रणभूमि वीर घाटी को पर्यटन एवं ऐतिहासिक दर्शनीय धरोहर के रूप में विकसित करवाने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन से हर संभव प्रयास करने का आश्ववासन दिया।

## मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु संविदा पदों में नियुक्ति हेतु 20 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले मे 08 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन दिनांक 20 दिसंबर 2024, कार्यालयीन समय 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट https://sakti.cg.gov.in/ व कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## जिले में 14 लाख क्विंटल से अधिक की हुई धान खरीदी, उठाव शुरू

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 105 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर व्यवस्थित रूप से धान खरीदी की जा रही है। सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अब तक जिले में 14 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी जा चुकी है, इनमें 08 लाख 16 हजार 34 क्विंटल मोटा, 03 हजार 332 क्विंटल पतला और 05 लाख 90 हजार 327 क्विंटल सरना धान शामिल है। वहीं मिलरों द्वारा धान उठाव भी शुरू कर दिया गया है। अब तक 29 खरीदी केन्द्रों से 66 हजार 424 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है, जो लगातार जारी है। कलेक्टर श्री राहुल देव ने उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान का तेजी से उठाव सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि सभी पंजीकृत किसान सुगमतापूर्वक अपने धान को बेच सकें और केंद्रों में किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने व्यवस्थित रूप से धान खरीदी एवं उठाव हेतु नोडल अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए कहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध रूप से धान बेचने वाले कोचियों और बिचौलियो पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उपार्जन केन्द्रों में पेयजल, छाया सहित किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है, ताकि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## कांग्रेस शासन की अपेक्षा भाजपा शासन 50 प्रतिशत अधिक खरीदेगी धान-प्रमोद

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**



विगत 14 नवंबर से प्रदेश भर में भाजपा शासन द्वारा शुरू किए गए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को भाजपा मंडल महामंत्री प्रमोद सागर ने सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदने कि बात कहते हुए कहा है कि भाजपा की सरकार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखी है, जो की भूपेश बघेल के कार्यकाल के अंतिम वर्ष के लक्ष्य से 50 लाख मीट्रिक टन अधिक है। प्रमोद सागर ने बताया कि भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष 147 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की थी इस वर्ष इसमें बढ़ोतरी करते हुए राज्य शासन ने 13 लाख मीट्रिक टन बढ़ाते हुए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी यह विष्णुदेव साय के सरकार की संवेदनशीलता का परिचय है, किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी हो रही है, किसानों की सुविधाओं के लिए टोकन व्यवस्था को ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों में रखा गया है, जिसमें ऑनलाइन में 60 प्रतिशत टोकन व ऑफलाइन में 40 प्रतिशत टोकन की व्यवस्था राज्य के भाजपा सरकार द्वारा किया गया है। किसान बंधु अपने सुविधा अनुसार टोकन लेकर धान बेच रहे हैं जिसमें लघु व सीमांत किसानों के लिए 70 प्रतिशत व बड़े किसानों के लिए 30 प्रतिशत टोकन की व्यवस्था रखी गई है, धान की खरीदी 14 नंबर से शुरू हुई है और 31 जनवरी तक चलेगी, आज तक किसानों की लगभग 30 प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है, किसानों का धान बेचने के मात्र 72 घंटे में ही सम्बंधित किसान के बैंक खाते में धान की राशि पहुंच रही है, किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक सोसाइटियों में किसान बंधु प्रतिदिन माइक्रो एटीएम के माध्यम से 10 हजार की नगद धनराशि प्राप्त कर सकते हैं, इस बेहतरीन व्यवस्था से छोटे किसान वर्ग को बहुत सुविधा हो रही है, इस सुविधा से उन किसानों को बैंक भी जाना नहीं पड़ रहा है और जिस धान खरीदी केन्द्र में धान बेचते हैं, वहीं से उनको नगद राशि प्राप्त हो जा रही है।

## विधानसभा सत्र के मद्देनजर कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर लगाया प्रतिबंध

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र दिनांक 16 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों कमर्चारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के लिए आदेश जारी किये है। जारी आदेश के तहत विधानसभा सत्र के अवसान तक कोई भी अधिकारी कमर्चारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों कमर्चारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा । जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगें। सभी अधिकारियों कमर्चारियों को अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करने कहा गया है ।

## ग्राम प्रमुखो के चुनाव में दलगत राजनीती ग्रामीण संस्कृति के अनुरूप नहीं है...

**दबंग दुनिया ♦ उतई**

गावों में सरपंचो का कार्यकाल अंतिम पायदान पर है प्रशासन का पूरा अमला पंचायत चुनाव कराने के लिए तैयारी में लग गया है. गांवो में भी पंच व सरपंचो के प्रत्याशियों कि चर्चा शुरू हो गया है बस आरक्षण का इंतजार है. राजनितिक पार्टियां भी अपनी तैयारी में जुट चुके है. सभी अपने अपने पार्टी समर्थित पंच सरपंच चाहते है. सत्तारुढ़ दल तो पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक के पद ने अपने ही पार्टी के लोगो को बैठे देखना चाहते. ये तो अपनी अपनी सोच व रणनीति है पर क्या ग्रामीण संस्कृति इसकी इजाजत देता है इसी विषय पर हमें विचार करना है.

जब कभी भी गांव कि बात आता है तो प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद जी रचना पंच परमेश्वर का याद मन में सहज ही आ जाता है.पंचायत शब्द ग्रामीण संस्कृति से ही आया है जिसमें पहले गांव के लोग अपने सामाजिक सांस्कृतिक व आर्थिक आदि सभी फैसले पांच प्रमुख लोगो के बीच सामूहिक रूप से लिया करते थे. वें विकास कि योजनाए भी बनाते थे और उनका बेहतर क्रियान्वयन भी किया करते थे. ग्राम अपने आप में एक स्वतंत्र इकाई था. जिसका प्रमुख आधार सामूहिकता व समन्वय होता था. गाँधी जी इसीलिए पंचायती राज व्यवस्था के पक्षधर थे.भारतीय इतिहास में मौर्य काल में जनपद, महाजनपद का उल्लेख मिलता है जिससे पता चलता है कि यह एक मजबूत व्यवस्था है. इसीलिए देश के आजादी के बाद इसे मजबूती प्रदान करने के लिया सविंधान में 73 वें संशोधन के रूप में शामिल किया गया.जिसे त्रि स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था नाम दिया गया.जिसमें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत होता है. जिसमें ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए ग्राम सभा को प्रमुख आधार माना गया है तथा पार्टी विहीन रखा गया ताकि ग्रामीण संस्कृति अक्षुन्न रह सके. परन्तु समय के साथ पंचायत चुनाव में पार्टिवाद हाबी होता गया. भले ही प्रत्यक्ष रूप से दलगत नहीं होता पर पार्टियां पंच व सरपंच पद को छोड़ कर जनपद पंचायत व जिला पंचायत के प्रत्याशीयों को अधिकृत करते है और उन्ही पार्टी के आधार पर अध्यक्ष व सभापति बनाये जाते है. परन्तु पंच व सरपंच के पद अभी भी स्वतंत्र रूप से दलगत विहीन ही लड़े जा रहे थे. अक्सर देखा गया है जिन गावों में पंच व सरपंच का चुनाव पार्टिवाद चलता है वहाँ लगातार विवाद कि स्थिति बनी रहती है. लोगो में समन्वय खत्म हो जाता है.गांव दो भागो में विभक्त हो जाता है. जो राजनितिक दल यह सोचते है कि पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक हमारे ही पार्टी के लोग पद पर रहेंगे यह मानसिकता भारत कि ग्रामीण संस्कृति को खत्म कर देगा. अतः राजनितिक व सामाजिक चिंतको से निवेदन है कि वें इस दिशा में विचार करे..

## पाटसेंद्री के रासेयो इकाई का सात दिवसीय कोकड़ी में प्रारंभ

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम कोकड़ी ग्रा पं दमोदरहा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर 8 दिसंबर को प्रारंभ हुआ। जिसका प्रथम दिवस मुख्य अतिथि- भूमिसुता प्रधान सरपंच ,अध्यक्षता -जलंधर प्रधान ,अध्यक्ष किसान मोर्चा केंदुआ मंडल, विशिष्ट अतिथि साखीराम पटेल प्राचार्य एवं शिविर संयोजक,भगत राम प्रधान,कैलाश मांझी, देव प्रसाद चौहान,तारा चौहान,जितेंद्र चौहान ,शशिभूषण प्रधान,रतनलाल मांझी की आथित्य में शुभारंभ किया गया। यह सातदिवसीय शिविर कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक ,सहायक चेतन कुमार पटेल, गुण सागर पटेल के दिशा निर्देशन में विभिन्न परियोजना कार्य के अंतर्गत पूरे गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के संदेश देंगे। प्रत्येक दिवस प्रभात फेरी में नशा उन्मूलन,स्वच्छता रैली, जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा साथ ही हैंडपंप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण, नालियों, तालाब मेड , घाट ,मंदिर प्रांगण का सफाई किए जाएंगे। 14 दिसम्बर को स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिविर के उद्घाटन सत्र में पंचायत के सरपंच, पंचगण,ग्रामीण जन तथा विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कमर्चारी उपस्थित थे।

## शादी का प्रलोभन देकर बालिका का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**दबंग दुनिया ♦ खरसिया**



खरसिया पुलिस ने नाबालिक बालिका से दुष्कर्म मामले की शिकायत पर त्वरित कारर्वाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर पोक्सो और दुष्कर्म की धारों पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 7 दिसंबर को बालिका अपने परिजन के साथ थाना खरसिया में आवेदन दिया गया। थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव द्वारा महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर से बालिका का विस्तृत कथन कराया गया जिसमें बालिका ने बताया कि कार्तिक जायसवाल से जान पहचान है, जुलाई 2024 से शादी का वादा कर शारीरिक शोषण कर रहा है, बालिका बताई कि माता-पिता काम पर जाने के बाद अकेली पाकर उसने कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और अब शादी से इनकार कर रहा है। थाना खरसिया में आरोपित पर अपराध क्रमांक 725/2024 धारा 64(2)एम,65(1) बीएनएस, 06 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद कर त्वरित कार्यवाही कर करते हुए टीआई कुमार गौरव साहू द्वारा आरोपी कार्तिक जायसवाल (उम्र 26 साल) निवासी पुलिस चौकी जोबी क्षेत्र थाना खरसिया को आज सुबह गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

## विष्णु के सुशासन में धान खरीदी केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं से किसानों में उत्साह

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**



खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार अनुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले के 105 धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को देखकर किसानों में उत्साह का माहौल है। माइक्रो एटीएम से नगदी निकासी सहित उपलब्ध सुविधाओं के लिए किसानों ने शासन-प्रशासन का आभार जताया है।


मुंगेली विकासखंड के धान खरीदी केंद्र भठलीकला पहुंचे ग्राम भुसण्डी के किसान दिलहरण साहू ने बताया कि किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। इलेक्ट्रॉनिक तौल, बारदाना की व्यवस्था, टोकन तुहर हाथ ऐप से टोकन की सुविधा, पेयजल, छाया सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। माइक्रो एटीएम से 10 हजार तक खाता से नगदी पैसे निकालने की सुविधा दी जा रही है। बता दें कि विष्णु के सुशासन में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 31 सौ रुपए के हिसाब से प्रति क्विंटल धान की राशि दी जा रही है। इससे न केवल किसानों के फसलों का उचित दाम मिल रहा है, बल्कि किसानों का मान भी बढ़ा है। किसानों की जरूरी आवश्यकताएं पूरी होने के साथ ही उनके हक का पैसा उन्हें मिल रहा है। किसान आर्थिक रूप से समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## वार्ड चलो अभियान नगर पालिका लोरमी और नगर पंचायत पथरिया में 11 से

मुंगेली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप और उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में वार्ड चलो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत की जांच करना, साथ ही वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इसी कड़ी में नगर पालिका लोरमी और नगर पंचायत पथरिया में 11 दिसंबर से वार्ड चलो अभियान का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका लोरमी के सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के तहत 11 दिसंबर को मानस मंच लोरमी में शिव वार्ड, जवाहरलाल नेहरू वार्ड, महामाया वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, विवेकानंद वार्ड, हरिविहार वार्ड, अग्रसेन वार्ड और गुरु नानक वार्ड, 12 दिसंबर को शासकीय प्राथमिक शाला राम्हेपुर में गायत्री वार्ड, गुरु घासीदास वार्ड, संत रविदास वार्ड, संत कबीर दास वार्ड और ठाकुर देव वार्ड तथा 13 दिसंबर को नवीन थाना भवन के सामने गांधीडीह में जय दुर्गा वार्ड, सुभाष चंद्र बोस वार्ड, महावीर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड और महात्मा गांधी वार्ड के लोगों की समस्याए एवं मांगों को सुना जाएगा और त्वरित निराकरण के लिए प्रयास किया जाएगा।

## पत्थलगांव सराफा व्यवसायी गोपाल अग्रवाल ने पदयात्रा एवं साइकिल से यात्रा कर अयोध्या पहुंचकर प्रभु राम के दर्शन किए

**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**



जब तक ऐसा व्यक्तित्व है हमारे सनातन संस्कृति का परचम लहराता रहेगा पत्थलगांव के सराफा व्यवसायी गोपाल अग्रवाल राधा कृष्ण ज्वेलर्स के संचालक सोने चांदी के व्यवसायी बनकर नहीं आम आदमी की तरह अयोध्या में राम मंदिर बने इसके लिए कार सेवक बने और अभी ढेड़ साल पहले एक महीने मजदूर बनकर राम मंदिर में काम किया और जब मंदिर बन गया तो उसके दर्शन करने के लिए घर से बस में बनारस जा रहा हूं बोलकर निकल गए अंबिकापुर से उन्होंने अयोध्या पैदल चलने का नर्णय लिया क्योंकि पत्थलगांव से अंबिकापुर के बीच में लोगों से पहचान ज्यादा होने के कारण घर वालों को पता चल जाएगा इसलिए अंबिकापुर से अपनी यात्रा प्रारंभ की प्रतापपुर तकरीबन 45 किलोमीटर पैदल चले उसके बाद उन्हें लगा कि ज्यादा चलना मुश्किल है तो साइकिल ली और 6 दिसंबर शौर्य दिवस के दिन अयोध्या पहुंचने के लिए निकल गए और रास्ते में विभिन्न वर्गो के लोगों से मिले मुलाकात की आम आदमी की तरह धमर्शाला में ढाबा में और जहां रुकने का साधन मिला वहां रुके ज्यादा दशर्नार्थियों की भीड़ होने के कारण 6 दिसंबर समय पर नहीं पहुंच पाए और 8 दिसंबर को मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के दर्शन किए सनातन संस्कृति का परचम लहराया जैसे ही पत्थलगांव वासियों को मीडिया के माध्यमसे पता चला तो उनकी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा की सभी ने प्रशंसा की।

Scanned with OKEN Scanner


# शोभिता धूलिपाला की शादी की रस्मों में पहुंचीं सामंथा रुथ प्रभु





साउथ सिनेमा के जानेमाने कपल नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला 2 दिन बाद शादी के बंधन में बंधने वाले हैं. नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की शादी की रस्में शुरू हो चुकी हैं. कुछ समय पहले ही नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की मंगलस्नानम की रस्म को पूरा किया गया था. इस दौरान नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला अपने परिवार के साथ रस्में निभाते नजर आए. इसी बीच सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचाना शुरू कर दिया है. लोग सोशल मीडिया पर दावा कर रहे हैं कि नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की शादी की रस्मों में सामंथा भी पहुंची हैं. अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको इस खबर की सच्चाई बताने वाले हैं. एक बार के लिए तो फैंस ये बात सच मान बैठे थे कि सामंथा अपने एक्स की शादी की रस्मों में पहुंच गई हैं. ये बात जानकर फैंस के बीच हंगामा मच गया था. हालांकि ये वो सामंथा नहीं है जिनके बारे में आप सोच रहे हैं. शोभिता धूलिपाला की बहन का नाम भी सामंथा है. सोशल मीडिया पर लोग नागा चैतन्य की एक्स नहीं बल्कि शोभिता की छोटी बहन की बात कर रहे हैं. कुछ समय पहले ही शोभिता ने अपनी कुछ शादार तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं. इस तस्वीर में शोभिता धूलिपाला परिवार के साथ हल्दी की रस्म निभाती नजर आ रही हैं. शोभिता धूलिपाला की शादी की तस्वीरें देखकर सामंथा के फैंस का दिमाग खराब हो गया है, लोग दावा कर रहे हैं कि शोभिता नागा की नागिन हैं. अब ये बात तो साफ हो गई है कि नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की शादी की रस्मों में सामंथा रुथ प्रभु नहीं पहुंची हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की शादी से पहले एक नई कार खरीदी है जिसकी कीमत करीब 2.5 करोड़ है।

## ना कल्कि, ना देवरा, लकी भास्कर बनी फिल्म ऑफ द ईयर




साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कूल एक्टर दुलकर सलमान की नई फिल्म लकी भास्कर ओटीटी पर रिलीज हो गई है. फिल्म में दुलकर सलमान के साथ मीनाक्षी चौधरी स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आई है. फिल्म की रिलीज होते ही लोग सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू साझा कर रहे हैं. दुलकर सलमान की कॉमन मैन वाली यह स्टोरी लोगों काफी पंसद आ रही हैं.

लकी भास्कर आज से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है. नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लकी भास्कर से दुलकर सलमान का पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, स्कैम से ज्यादा थ्रिलिंग क्या हो सकता है? इसे सामने आते देखना. अब नेटफ्लिक्स पर तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में लकी भास्कर देखें.

दुलकर सलमान की थ्रिलर मूवी को लेकर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर काफी सारे रिव्यू आए हैं. एक एक्स यूजर ने फिल्म के एक-एक प्वाइंट के बारे में बताया है. यूजर ने फिल्म को 5 स्टार में से 4.5 स्टार देते हुए पोस्ट में लिखा है, यह फिल्म भास्कर नाम के एक बैंक कर्मचारी की कहानी है, जो अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में चुनौतियों सामना करता है. 90 के दशक के अंत का सेट अप शानदार है और बेहतरीन ड्रेस देखने में अमैडजिंग लगा. स्ट्रॉन्ग कास्ट और बेहतरीन साउंडट्रैक फिल्म को और बेहतर बनाते हैं.

एक यूजर ने लिखा है, इस शख्स को मेरा सलाम, जीवी प्रकाश कुमार की याद आज भी मेरे दिमाग में है, जब मैंने इसे थिएटर में देखा था. यह फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कारों में बेस्ट म्यूजिक की हकदार है. मैं इसके लिए कामना और प्रार्थना करता हूं.

एक दूसरे यूजर ने लिखा है, दुलकर सलमान के लिए सबसे बेहतरीन एलिवेशन सीन में से एक और यह कोई एक्शन सीन नहीं है. ग्रेट राइटिंग यही कर सकता है. जबकि एक यूजर ने तो लकी भास्कर को फिल्म ऑफ द ईयर करार दिया है. इसने लिखा है, ना कल्कि...ना देवरा... मेरे लिए लकी भास्कर फिल्म ऑफ द ईयर है.

नेटफ्लिक्स ने आज यह फिल्म रिलीज कर दी गई है, जिसे दर्शक तेलुगू समेत पांच भारतीय भाषाओं में घर बैठे इस सुपरहिट फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं. फिल्म में रामकी, मानसा चौधरी, सचिन खेडेकर, साई कुमार, टीनू आनंद और अन्य भी हैं. बता दें कि दुलकर सलमान की लकी भास्कर दिवाली के शुभ अवसर पर 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी.


००

## फिल्म महाराजा की 20 लाख से ज्यादा टिकटें बेची गईं



विजय सेतुपति की फिल्म महाराजा ने चाइनीज सिनेमा के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है. इस फिल्म ने सारी पिछली फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ते हुए 2 दिन में 20 करोड़ रुपए तक की कमाई कर ली है. विजय सेतुपति की इस फिल्म ने भारत में भी अच्छी खासी कमाई की थी. विजय सेतुपति की महाराजा ने प्रीमियर स्क्रीनिंग के दौरान लगभग 5.4 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की है और पहले ही दिन 4 करोड़ रुपए तक का सफर तय किया है. चीन के बॉक्स ऑफिस ईएनटी के मुताबिक, दूसरे दिन फिल्म की कमाई बढ़कर 9.3 करोड़ हो गई थी. जिसके चलते फिल्म महाराजा ने अब तक कुल 20 करोड़ रुपए तक की कमाई कर ली है. चीन की ऑडियंस इंडियन फिल्मों को देखना काफी पसंद करती है. जब भी वहां कोई इंडियन फिल्म को रिलीज किया जाता है तो फैंस एक्साइटेड हो जाते हैं. वहीं हाल ही में रिलीज हुई विजय सेतुपति की फिल्म महाराजा की डिमांड चीन के फैंस के बीच इस कदर है कि शनिवार को इसकी 20 लाख से ज्यादा टिकटें बेची गई हैं. फिल्म महाराजा को 40,000 से ज्यादा स्क्रीन पर रिलीज किया है. ये फिल्म इस हफ्ते की शुरुआत में 30 करोड़ रुपए से ज्यादा तक की कमाई भी कर सकती है. विजय की महाराजा से पहले आमिर खान की दंगल ने चीन के बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया था. फिल्म दंगल ने चीन में 1200 करोड़ रुपए तक की भारी भरकम कमाई की थी. आमिर खान की दंगल ऐसी पहली इंडियन मूवी थी जिसने चीनी बॉक्स ऑफिस पर इतनी कमाई की थी।

## कभी बेचे चिप्स तो कभी बने वेटर, 42 साल में बॉलीवुड डेब्यू कर छा गया बोमन ईरानी



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में तमाम सितारे जो आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं और कई सौ करोड़ रुपये के मालिक हैं. एक समय इन सितारों ने काफी स्ट्रगल किया है. ऐसा ही एक बॉलीवुड एक्टर जिसने अपने बचपन में चिप्स बेचे और वेटर का काम किया. इस तरह से इस एक्टर ने काफी संघर्ष भरी जिंदगी जी है. इस एक्टर के बारे में दिलचस्प बात ये है कि बॉलीवुड में इनकी एंट्री 42 साल की उम्र में हुई है. इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है. आइए आपको बताते हैं ये बॉलीवुड एक्टर कौन है. बोमन ईरानी 2 दिसबंर को अपना 65वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस खास मौके पर हम आपको उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ दिलचस्प तथ्य बताएंगे. बोमन ईरानी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2001 में की थी जब वो 42 साल के थे. उन्होंने अपने करियर में 3 इडियट्स, मुन्नाभाई एमबीबीएस की तमाम फिल्मों में काम किया है. बोमन ईरानी ने अपने एक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा है. वह कॉमेडी रोल से लेकर सीरियस रोल में अपनी एक्टिंग से जान डाल देते हैं।

## यू आर द लास्ट वन, नताशा स्तांकोविक ने कही अपने दिल की बात

*एक्ट्रेस और मॉडल नताशा स्तांकोविक और भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या ने शादी के चार साल बाद इस साल जुलाई में अपने तलाक की घोषणा की थी. एक्ट्रेस अपने दोस्त अलेक्जेंडर एलेक्स को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियों में है. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर इन दिनों काफी ज्यादा एक्टिव रहती है और अपनी लाइफ के अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है. उनकी इस पोस्ट के बाद फैंस ने तरह-तरह की अटकलें लगाना शुरु कर दिया है. इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा कि यू आर द लास्ट वन, सो बी द बेस्ट वन. इसके साथ ही उन्होंने व्हाइट दिल इमोजी भी शेयर किया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में हार्दिक से अपने अलग होने का ऐलान कर दिया था. सोशल मीडिया पर जैसे ही दोनों के अलग होने का पोस्ट सामने आया, तो इंटरनेट पर हलचल बढ़ गई और किसी को भी भरोसा नहीं हुआ कि दोनों अलग हो रहे हैं. हार्दिक से अलग होने के बाद नताशा को अक्सर उनके बेस्ट फ्रेंड अलेक्जेंडर एलेक्स के साथ देखा जाता है. वहीं एक्ट्रेस ने एक बार सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी भी शेयर की थी कि एक्ट्रेस और एलेक्स दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं, लेकिन यूजर्स ये मानने के लिए तैयार ही नहीं है और यूजर्स अलग- अलग कयास लगा रहे हैं.*





## शरवरी वाघ ने स्टाइलिश आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ हमेशा अपने स्टनिंग और हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। मुंजिया फेम शरवरी वाघ पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही छा गया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस बेहद ही स्टनिंग और हॉट लुक में फोटोशूट करवाती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि शरवरी वाघ जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। शरवरी वाघ ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्राउन कलर की कोट लुक मं ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही कैमरे के सामने स्टनिंग पोज देती हुई एक्ट्रेस हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं।

Scanned with OKEN Scanner

## सीनियर आट्या-पाट्या - इंदौर को दोहरा खिताब

इन्दौर । श्री आनंद हायर सेकेंड्री स्कूल पर सीनियर आट्या-पाट्या राज्य स्पर्धा स□पन्न हुई। जिसमें महिला वर्ग के फाइनल मैच में इंदौर जिला ने इंदौर कॉरपोरेशन को 2-0 से तथा पुरुष वर्ग में इंदौर जिला ने खंडवा जिला को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरस्कार वितरण सीएम चेजारा, राजेश गौड, इंदू जगदीशचंद्र वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, संजय अठवाल ने किया। स्पर्धा में शामिल सभी टीमों को संजय पाटनकर, मनीष चौधरी, कपिल पानसे, आशीष गुसे ने बधाई दी।

## जैन समाज की क्रिकेट स्पर्धा में कालानी नगर की टीम विजेता

इन्दौर । जिनालय स्तर पर जैन समाज की क्रिकेट स्पर्धा दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद युवा प्रकोष्ठ द्वारा विंग्स टर्फ पर आयोजित की गई जिसमें जिनालय क्षेत्रों से जुड़ी सभी 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें कालानी नगर क्षेत्र की टीम विजेता बनी। स्पर्धा समापन के अवसर हुकमचंद सावला, आकाश विजयवर्गीय, सौगात मिश्रा, संदीप जैन, संतोष चौहान, अखिलेश जैन, डी.के. जैन, सनत गंगवाल, वींरेंद्र बड़जात्या, रवि जैन, राजेश जैन, कमलेश कुंदे, नीरज सोनी, विजय गोखरू व महावीर जैन मौजूद थे।

## महिला जूनियर एशिया कप हॉकी : दीपिका की हैटिक से भारत ने मलेशिया को 5-0 से हराया

मस्कट । दीपिका की शानदार हैटिक से भारतीय हॉकी टीम ने महिला जूनियर एशिया कप के पूल ए में मलेशिया को 5-0 से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में तीन गोल किये वहीं वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 32वें और कनिका सिवाच ने 38 वें मिनट में एक गोल किया। इस मैच में पहला हाफ गोलरहित रहा। इसके बाद भारतीय टीम ने अंतिम दो क्वार्टर में बढ़त हासिल कर मैच पर क□जा किया। भारतीय टीम इस मैच में अधिकतर समय हावी रही पर उसने गोल करने के कई मौके खोय। पहले क्वार्टर के अंत में उन्हें लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहं बदल पायी। दूसरे क्वार्टर में भी यही हाल रहा। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार चार गोल करके मैच में अपना दबदबा बना लिया। उसे 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार, गोल करने के बजाय, पूजा साहू ने गेंद को थोड़ा बाईं ओर निर्देशित किया, जहां वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने गोल करने में गलती नहीं की। दूसरा गोल 37वें मिनट में हुआ जब ड्रैग-□लकर दीपिका ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए गोलकीपर को छकाते हुए दमदार शॉट लगाया और बढ़त को बढ़ाया। इसके ठीक एक मिनट बाद कनिका सिवाच ने मैदानी गोल किया। 39वें मिनट में मलेशिया की गोलकीपर ने फाउल किया, जिससे भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। दीपिका ने इसे गोल में बदल दिया। अंतिम क्वार्टर में भारत को 48वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक गोल कर हैट्रिक पूरी की और मैच के अंत तक भारत का स्कोर 5-0 कर दिया।

## आईसीसी ने भ्रष्टाचार के मामले में सहायक कोच सनी ढिल्लों पर लगाया प्रतिबंध

दुबई । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाये जाने पर एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर 6 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अंतिम रूप से निलंबित किया गया था। ढिल्लों को अमीरात के भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। कोच ढिल्लों उन आठ लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों में फि□संग करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी , टूर्नामेंट के लिए ईसीबी की संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) द्वारा असफल कर दिया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों की प्रस्तुति के बाद, न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पाया। अनपर मैचों या मैचों के पहलुओं को ठीक करने, उनका निर्माण करने या गलत तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में भागीदार होना। इकसे अलावा भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए प्राप्त किसी भी संपर्क या निमंत्रण के बारे में डीएसीओ को पूरी जानकारी देने में विफल होना। इसके अलावा डीएसीओ द्वारा की गई किसी भी जांच में सहयोग करने से इंकार करना है।

## आईसीसी ने भ्रष्टाचार के मामले में सहायक कोच सनी ढिल्लों पर लगाया प्रतिबंध

दुबई । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाये जाने पर एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर 6 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अंतिम रूप से निलंबित किया गया था। ढिल्लों को अमीरात के भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। कोच ढिल्लों उन आठ लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों में फि□संग करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी , टूर्नामेंट के लिए ईसीबी की संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) द्वारा असफल कर दिया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों की प्रस्तुति के बाद, न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पाया। अनपर मैचों या मैचों के पहलुओं को ठीक करने, उनका निर्माण करने या गलत तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में भागीदार होना। इकसे अलावा भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए प्राप्त किसी भी संपर्क या निमंत्रण के बारे में डीएसीओ को पूरी जानकारी देने में विफल होना। इसके अलावा डीएसीओ द्वारा की गई किसी भी जांच में सहयोग करने से इंकार करना है।

## कांबली की सहयता करेंगे पर उसे स्वयं अपना ध्यान रखना होगा : कपिल

मु□बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने पूर्व क्रिकेट विनोद कांबली की हालत पर दुख जताते हुए कहा कि उन्हें अपनी सेहत पर स्वयं ध्यान देना होगा। कपिल ने कहा कि वह और अन्य क्रिकेटर उनकी सहायता करेंगे पर कांबली को अपनी ओर से पहल करनी होगी। कांबली नशे की लत और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं। कपिल ने कहा, हम सभी को उनका समर्थन करने की कोशिश करनी चाहिए पर हमारे से अधिक उसे स्वयं का समर्थन करना है। अगर कोई व्यि□त अपना ध्यान नहीं रख सकता तो हम उसका ध्यान कैसे रख सकते हैं। कपिल ने कहा, हमने जो देखा है, उससे सभी क्रिकेटर बहुत दुखी हैं। मैं चाहता हूं कि उनके सबसे करीबी दोस्त उन्हें कुछ सहायत दिलवाएं, जिससे वह अपना □याल रख सकें और रिहैब में वापस जा सकें। लोगों को यह बीमारी होती है पर आपको रिहैब में वापस जाना पड़ता है। कांबली को शराब की लत से जूझने के कारण कई बार रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा। इससे उनके पर काफी प्रभाव पड़ा। कांबली ने भारत के लिए 104 एकदिवसीय और 17 टेस्ट में क्रमश» 2477 और 1084 रन बनाए। वहीं कांबली के करीबी दोस्त सचिन तेंदुलकर का भी मानना है कि उसे स्वयं अपनी सहयता करनी होगी और तभी अन्य लोग कुछ कर पायेंगे।

## डब्लयूटीसी फाइनल में सीधे पहुंचने भारतीय टीम को चाहिये तीन जीत

मु□बई । आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (ड□लयूटीसी) फाइनल की दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की टीम अभी सबसे आगे हो गयी है और खिताबी मुकाबले में पहुंचने केवल एक जीत की ही जरुरत है। वहीं भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचने अगले तीन मैचों में जीत दर्ज करनी होगी। अगर ऐसा नहीं होता भारतीय टीम का सीधे फाइनल में पहुंचना कठिन हो जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम को इससे पहले घरेलू धरती पर खेली गयी पिछली सीरीज में न्यूजीलैंड से मिली हार से नुकसान हुआ था। अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया में बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में से दो जीत और एक ड्रॉ की जरूरत है।

### मार्क टेलर ने सिराज के सेलिब्रेशन पर उठाया सवाल

# वे अंपायर के फैसले का भी इंतजार नहीं करते, साथियों को रोकना चाहिए

एडिलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मोह□मद सिराज के सेलिब्रेशन पर सवाल उठाया है। 60 साल के पूर्व कप्तान ने कहा- %सिराज में अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की आदत है।

टीम इंडिया में उनके सीनियर साथियों को इस मसले पर सिराज से बात करनी चाहिए, □योंकि ऐसा करना बुरा लगता है। टेलर ने नाइन न्यूज से कहा- सिराज को जब लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वे अंपायर का फैसला आने से पहले ही सेलिब्रेट करने के लिए अपने साथियों की तरफ दौड़ पड़ते हैं। भारतीय तेज गेंदबाज पर ट्रैविस हेड के खिलाफ अग्रेसिव सेलिब्रेशन के लिए ढ्रष्ट्ट ने मैच फीस पर 20| जुर्माना लगाया था। जहां तक मोह□मद सिराज का सवाल है, तो मैं चाहूंगा कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे बात करें। ट्रैविस हेड के साथ जो हुआ उसके बारे में इतना नहीं, बल्कि इस चीज को लेकर उनसे बात की जानी चाहिए कि जब उन्हें लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला देखने के लिए पलटते नहीं है और सेलिब्रेट करना शुरू कर देते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके और खेल के लिए अच्छा नजारा नहीं होता है। मुझे उसका जोश पसंद है, मुझे उसका प्रतिस्पर्धी स्वभाव पसंद है, मुझे यह फै□ट पसंद है कि हमारे पास वास्तव में एक अच्छी सीरीज चल रही है, लेकिन खेल का स□मान भी है जिसे बनाए रखने की जरूरत है। मुझे लगता है कि सीनियर साथियों के साथ बात करने से उसे इस चीज को समझने में मदद मिलेगी। सिराज के दिमाग ने कुछ देर के लिए काम नहीं किया और इस भारतीय तेज गेंदबाज को बाद में इसका पछतावा भी हुआ। यह शर्मनाक है कि सिराज ने तब दिमाग से काम नहीं लिया। खेल में इस तरह के व्यवहार की कोई जरूरत नहीं है। एडिलेड टेस्ट के दौरान हेड से थोड़ी बहस करने के बाद सिराज चर्चा का विषय बन गए हैं। पिंक बॉल टेस्ट मैच के दूसरे दिन 7 दिसंबर को हेड ने सिराज की बॉल पर छ□का जमाया। फिर सिराज ने अगली ही बॉल पर उन्हें बोल्ड कर दिया। 140 के स्कोर पर आउट होने के बाद हेड ने सिराज को कुछ श□द कहे। इस पर सिराज ने उन्हें डगआउट में जाने का इशारा कर दिया। मैच के बाद हेड ने कहा कि मैं उनकी सराहना कर रहा था। मैंने केवल बेल बॉल बोला था। वहीं, सिराज ने कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 10 विकेट से जीतकर 5 मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की। भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट को 295 रनों से जीतकर 1-0 की बढ़त हासिल की थी। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा।




# रोहित से तीसरे टेस्ट में पारी की शुरुआत कराना सही नहीं: डोड्डा

मुबई । भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज डोड्डा गणेश ने कहा है कि तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा से पारी की शुरुआत कराना सही नहीं होगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम पर उतरे थे और उसमें असफल रहे थे। ऐसे में कुछ दिग्गजों का ये भी मानना है कि रोहित अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, इसलिए पारी उनसे ही शुरु करने को कहना चाहिये। वहीं डोड्डा का कहना है कि इस प्रकार की गलती नहीं करनी चाहिये □योंकि रोहित फार्म में नहीं है जिससे उनका मनोबल भी घट हुआ है। ऐसे में उन्हें पारी शुरु करने को कहना जोखिम भरा होगा। इस पूर्व क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर कहा कि रोहित पहले से ही आत्मविश्वास और रन की कमी से जूझ रहे हैं और ऐसे में उनसे गाबा में पारी शुरु करने का आग्रह करना मूर्खतापूर्ण होगा। ये सीरीज उपमहाद्वीप में नहीं खेली जा रही है जहां वह असानी से कुछ रन बना सकें। वैसे भी ऑस्ट्रेलिया में रोहित का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। उनका यहां औसत 30 ही है। एक सलामी बल्लेबाज के रूप में उनका औसत 37.8 है पर वह इस जगह पर ज्यादा बड़ी पारियां नहीं खेल पाए हैं। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा की पिच भी अलग तरीके की चुनौतियां लेकर आएगी। ब्रिस्बेन पिच पर उछाल और गति पर पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे ट्रैक पर भारतीय बल्लेबाजों से सटीक फुटवर्क की मांग होनी थी पर ऐसा हो नहीं पाया। रोहित की खराब फॉर्म ने चिन्ता को और बढ़ा दिया है। वह पहले टेस्ट से बाहर रहे थे जबकि दूसेर टेस्ट में केवल 3 और 6 का स्कोर ही बना पाए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह असफल रहे थे।



## तीसरे टेस्ट में दो बदलावों के साथ उतरेगी भारतीय टीम : परांजपे

मु□बई । पूर्व क्रिकेटर जतिन परांजपे ने कहा है कि भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तीसरे टेस्ट में दो बदलावों के साथ उतरेगी। भारतीय टीम को दूसरे टेस्ट में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इससे ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई है। परांजपे के अनुसार भारतीय टीम गेंदबाजी में दो बदलाव कर सकती है। इसके तहत हर्षित राणा की जगह आकाश दीप और रविचंद्रन अश्विन की जगह रवींद्र जड़ेजा को जगह मिल सकती है। परांजपे ने ये भी कहा कि गुलाबी गेंद से भारतीय टीम को खेलने का कम अनुभव है इसका भी नुकसान उसे दूसरे टेस्ट में हुआ। साथ ही कहा गाबा मैदान में मिलने वाली सीम से तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, आकाशदीप और मो सिराज को सहायता मिले। उन्होंने कहा , मुझे यह भी लगता है कि अश्विन की जगह जडेजा को शामिल किये जाने की इसलिए संभावना हैं □योंकि इससे उन्हें सातवें या आठवें नंबर पर एक बेहतर बल्लेबाज मिल जाएगाहै। अश्विन अब तक इस सीरीज में प्रभावी नहीं रहे हैं। इस पूर्व चयनकर्ता ने कहा कि सीरीज अब रोमांचक होने जा रही है और ऐसे में मुझे भारतीय टीम से वापसी की उ□मीद है। परांजपे ने कहा कि अगर आप दिन-रात के कम टेस्ट खेलते हैं तो किसी भी बल्लेबाज के लिए खेलना कठिन होता है। इसका कारण है कि गुलाबी गेंद की सीम का रंग काला होता है जिससे रोशनी में देखना बहुत मुश्किल होता है। इस पकार के मैचों में कुल मिलाकर, गेंद की सीम और थीम को देखना बेहद मुश्किल है।



चीन में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर समारोह में दक्षिण कोरिया की एन सीयोंग को अवार्ड देते हुए बीडब्लयू एफ प्रेसीडेंट पॉल इरिक।

## आईएसएल के बाद लगेगा एएफसी एशियाई क्वालीफायर के लिए शिविर : कोच

नयी दिल्ली । भारतीय फुटबॉल टीम टीम के कोच मनोलो मार्केज ने कहा है कि एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए टीम अपनी तैयारियां 14 मार्च से राष्ट्रीय शिविर के साथ शुरू करेंगी। ये शिविर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अंतिम लीग मैच के दो दिन बाद शुरु होगा। मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे से कहा है कि अभ्यास के लिए लंबे समय तक के लिए शिविर लगाया जाना चाहिये। इगोर स्टिमक को हटाये जाने के बाद कोच बने मार्केज के मार्गदर्शन में अब तक भारतीय टीम ने चार मैच खेले हैं पर उसे उनमें सफलता नहीं मिली है। वहीं एआईएफएफ ने अपने एक बयान में कहा, ''अपने कारोबारी भागीदारों से सलाह करने के बाद एआईएफएफ को लगा कि राष्ट्रीय शिविर इंडियन सुपर लीग 2024-25 के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद 14 मार्च को शुरू हो सकता है।'' मार्केज ने कहा, ''दो दिनों तक मेरी एआईएफएफ अध्यक्ष, सीनियर अधिकारियों और एआईएफएफ के तकनीकी सदस्यों के साथ बैठकें हुई। मुझे भरोसा है कि हमने जिस तरह की तैयारियां की हैं उससे राष्ट्रीय टीम एशियाई कप क्वालीफायर में बेहतर प्रदर्शन करेगी।''




## आईपीएल में लगने वाला पैसा पाक के रक्षाबजट से अधिक

लाहौर । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निलामी में जहां खिलाड़ियों पर करोड़ों की बोली लगती है। वहीं पाकिस्तान की क्रिकेट लीग पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिन्हें आईपीएल में जगह नहीं मिल पायी हो। आईपीएल 2024 में सभी 10 टीमों का कुल राजस्व पिछले 2023 का भी दोगुना हो गया है। आईपीएल 2024 का कुल राजस्व 6,797 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले सीजन 3,082 करोड़ से अधिक है। ये पाकिस्तान के रक्षा बजट की रकम से अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का 2024 में रक्षा बजट 7.64 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 2,122 अरब पाकिस्तानी रुपये था। ये रकम 6497 करोड़ भारतीय रुपये होती है। इस प्रकार पाकिस्तान के रक्षा बजट से अधिक भारतीय क्रिकेट लीग की 10 टीमों का राजस्व ही है।

# तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम ने प्रैक्टिस शुरू की

**नई दिल्ली । टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले एडिलेड में मंगलवार को जमकर प्रैि□टस की। टीम के उप कप्तान और स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने प्रैि□टस सेशन में हिस्सा नहीं लिया। वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया गया था।**

तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा। टीम इंडिया फिलहाल एडिलेड में हैं। दूसरा मुकाबला यहीं खेला गया था। टीम जल्द ही ब्रिस्बेन के लिए रवाना होगी। BCCI ने सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय खिलाड़ी अ□यास करते हुए दिख रहे हैं। 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। भारत ने पर्थ टेस्ट 295 रन से जीता था। वहीं दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा। तीसरे मैच में भी केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग कर सकते हैं। दोनों ने प्रैि□टस सेशन में पहले बैटिंग शुरू की। इसके बाद भारतीय बैटिंग ऑर्डर के बाकी खिलाड़ी आए, जिनमें शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत शामिल हैं। वहीं, कोहली ने एडिलेड नेट्स में बाउंस के कारण बैकफुट पर ज्यादा गेंदे खेली। इस हार के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम इंडिया के 57.29| पॉइंट्स हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 60.71| पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। साउथ अफ्रीका 59.26| लेकर दूसरे स्थान पर है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मोह□मद सिराज के सेलिब्रेशन पर सवाल उठाया है। 60 साल के पूर्व कप्तान ने कहा- %सिराज में अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की आदत है। टीम इंडिया में उनके सीनियर साथियों को इस मसले पर सिराज से बात करनी चाहिए, □योंकि ऐसा करना बुरा लगता है।



# हमारा शौचालय-हमारा सम्मान के नामांकित हितग्राहियों और पंचायतों को किया गया सम्मानित



दबंग दुनिया ♦ जीपीएम

अभियान के समापन अवसर पर आज कलेक्ट्रेट में जिला स्तर पर नामांकित 5 हितग्राहियों और 3 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने व्यक्तिगत शौचालय के लिए मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत लटकोनी खुर्द (कोदवाही) की हितग्राही रामकुमारी, मगुरदा के पद्मावती, नगवाही के रायसिंह और पेण्ड्रा जनपद के ग्राम पंचायत सोन बचरवार की हितग्राही निराशा बाई एवं गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत नेवसा की हितग्राही शीला राठौर को मैडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह सामुदायिक शौचालय के लिए गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत सेमरा और मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत गुदुमदेवरी एवं ग्राम पंचायत धरहर के सरपंचों को मैडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दिलेराम डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री के हत्या के प्रकरण में थाना सूरजपुर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध पेश किया अभियोग पत्र

दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर

13 अक्टूबर को थाना सूरजपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक के महगवां स्थित किराये के मकान में जाकर हमला कर पत्नी व नाबालिग पुत्री की हत्या कर अन्यत्र शव फेंकने के मामले मे थाना सूरजपुर में दर्ज आपराधिक प्रकरण क्रमांक 575/2024 धारा 137(2), 138, 140(1) बीएनएस की विवेचना की जा रही थी। उक्त प्रकरण की विवेचना में आरोपी 1. कुलदीप साहू पिता अशोक साहू उम्र 25 वर्ष साकिन पुराना बाजारपारा सूरजपुर 2. चन्द्रकांत चौधरी उर्फ सी0के0 पिता शिवप्रसाद चौधरी उम्र 28 वर्ष साकिन नेवरा 3. फूल सिंह उर्फ रिन्कू सिंह उम्र 28 वर्ष साकिन पुराना बाजारपारा सूरजपुर 4. आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी पिता संजय विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी पुराना बाजारपारा सूरजपुर के द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रधान आरक्षक के द्वारा कर्तव्य निर्वहन में की गई कार्यवाही एवं कुलदीप साहू के भाई संदीप साहू के गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका होने से रंजीशवश एक राय होकर दिनांक 13.10.2024 को प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री की हत्या कर शव फेंकना पाया गया जिसके आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त




आरोपियों के साथ कुलदीप साहू का साला निलकेश्वर साहू पिता कन्हैयालाल साहू उम्र 26 वर्ष साकिन खडगंवा चौकी बसदेई थाना सूरजपुर तथा रिश्तेदार सूरज साहू पिता स्व.गजराज साहू उम्र 25 साल निवासी करवां थाना जयनगर द्वारा आपराधिक षड़यंत्र में शामिल होने से प्रकरण में इन दोनों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था। प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर आज दिनांक को अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त प्रकरण के अतिरिक्त 13. अक्टूबर को ही थाना सूरजपुर में पदस्थ आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर खौलता तेल फेंक कर जानलेवा हमला करने अपराध क्रमांक 573/2024 धारा 296(बी), 551(3), 221, 132, 118, 121(2), 109(2) बीएनएस एवं एसटीएससी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। दिनांक 13.10.2024 को ही पुलिस बल पर वाहन चढ़ाकर कुचलने का प्रयास करने के संबंध में अपराध क्र. 574/24 धारा 221, 132, 109 (1) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है तथा घटना के पश्चात आरोपी कुलदीप साहू के द्वारा भागते समय ग्राम करवां मेन रोड़ में पीछा करने वाले पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के मामले में थाना प्रभारी विश्रामपुर की रिपोर्ट पर थाना जयनगर में अपराध क्र. 218/24 धारा 109(2) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है जिसकी विवेचना की जा रही है।

मामले के मुख्य आरोपी कुलदीप साहू हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिसके विरूद्ध थाना सूरजपुर में 20 अपराध पूर्व के पंजीबद्ध है जिनमें 1 छेड़छाड़ का मामला, 1 लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करना, 1 अपहरण, 9 मारपीट, 1 नकबजनी, 2 चोरी, 1 डकैती, 1 आर्म्स एक्ट, 1 लूट, 1 बलवा तथा 1 विद्युत अधिनियम के मामले पंजीबद्ध है जिनमें मुख्य आरोपी चालान हो चुका है इसके अलावे कई प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी हुई है। घटना दिनांक 13.10.2024 के पश्चात इसके विरूद्ध 4 गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी कुलदीप साहू का जिला बदर की कार्यवाही भी दिनांक 15. अक्टूबर को छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत किया गया था। इसके अतिरिक्त सह आरोपी चंद्रकांत चौधरी के विरूद्ध पूर्व में 1 मारपीट और 1 प्रकरण शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर गाली-गलौज व मारपीट करने तथा सह आरोपी फुलसिंह उर्फ रिंकू के विरूद्ध 1 छेड़छाड़ का मामला पंजीबद्ध हुआ था जिसमें चालान किया गया था और 1 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी हुई है।

# हमारा शौचालय हमारा सम्मान अंतर्गत ग्राम पंचायत पतोरा को मिला प्रशस्ति पत्र

दबंग दुनिया ♦ उतई

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) दुर्ग के अंतर्गत हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान की शुरुआत 19 नवम्बर से तिथिवार अलग अलग आयोजन किया गया जिनका समापन 10 दिसम्बर को किया गया जनपद एवम जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत पाटन के जामगांव(आर) में रखा गया। स्वच्छता में अग्रणी रहने वाली ग्राम पंचायत पतोरा को पाटन विकासखंड स्तर में बेस्ट सामुदायिक शौचालय




का पुरस्कार मिला एवम दुर्ग जिला स्तर पर भी बेस्ट शौचालय के लिए पुरूस्कृत किया गया। बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के लिए भी ग्राम पंचायत पतोरा की बेदु बाई ठाकुर को जनपद एवं जिला स्तर पर पुरूस्कृत किया गया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर



दबंग दुनिया ♦ उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंडेरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुआ। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी से सम्मानित पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्साह को बढ़ाया। यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक स्पिरिट को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन माध्यम है।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा आज मैं यहाँ खेल के महत्व पर बात करने के लिए उपस्थित हूँ। खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, और हमें जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त करने में मदद करता है। खेल हमें सिखाता है कि कैसे टीम के साथ मिलकर काम करना है, कैसे हार को स्वीकार करना है, और कैसे जीत का आनंद लेना है। यह हमें सिखाता है कि कैसे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी है, और कैसे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करना है। आज के समय में, जब हमारा समाज इतना व्यस्त हो गया है, खेल हमें अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें अपने दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है, और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

आइए हम खेल को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं। आइए हम अपने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में सिखाएं, और उन्हें खेल के माध्यम से अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पार्षद विकी चंद्राकर पार्षद छाया दुर्गेश साहू जिला मंत्री रोहित साहू उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा महामंत्री सोनू राजपूत गोविंद साहू केशव महिपाल कु.सुरभि सुरुचि व आयोजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# एसईसीएल भटगांव महाप्रबंधक पर आय अधिक संपत्ति के आरोप, वही बेसकीमती मशीनरी पाट्र्स हेरा फेरी का वीडयो हो रहा है वायरल

दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर/भटगांव

दक्षिण पूर्वी कोयला प्रक्षेत्र का भटगांव एरिया भ्रष्टाचार में इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है। रिटायरमेंट से मात्र 20 दिनों पूर्व महाप्रबंधक प्रदीप कुमार पर आय से अधिक संपत्ति कोयले की ग्रेडिंग में हेरा फेरी, एक निजी कंपनी चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को ओव्ही हटाने के काम में करोड़ों का लाभ गलत तरीके से सर्वे कराते हुए पहचाने तथा क्षेत्र की सबसे बड़ी भूमिगत परियोजना शिवानी खदान से बेशकीमती मशीनरी पोट्र्स बेचकर अर्जित करने का सनसनीखेज मामला एक शिकायतकर्ता के माध्यम से उजागर हुआ है।

## क्या है प्रमाणित आरोप

प्रदीप कुमार पर आरोप है कि अपनी पदस्थापना के दौरान इन्होंने पिछले 1 वर्ष में क्षेत्र की सर्वाधिक उत्पादक जगन्नाथपुर ओसीपी में लिंकेज का कोयला, कोलस्टाक में ग्रेडिंग की हेरा फेरी, डीजल की अनियमितता, पंपशिफ्टिंग में सीटीओ न मिलने के कारण नवापारा भूमिगत परियोजना से आए 45 नियमित कामगारों को लगाकर निजी कंपनी को फायदा पहुंचाना, ओव्ही हटाने के काम में लगी निजी कंपनी चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लमिटेड को पुनः सर्वे कराते हुए कोयला कंपनी को करोड़ों की क्षति पहुंचते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित किया गया है। इसका पहला प्रमाण झारखंड के रांची में निर्माणाधीन दो भवन, दूसरा प्रमाण नया रायपुर में करोड़ों की अचल संपत्ति यह बेनामी है या इनके नाम यह बहुत बड़े जांच का विषय है। तीसरा प्रमाण उप क्षेत्रीय अभियंता अविनाश कुमार के द्वारा क्षेत्र की सबसे बड़ी भूमिगत कोयला खदान शिवानी से पंप हाउस के बड़े-बड़े पाट्र्स अपने वाहन में कुछ अन्य कामगारों की मिली भगत से लोड करने का वीडियो भी वायरल हो रहा है सूत्रों के अनुसार इतनी बड़ी कारगुजारी महाप्रबंधक के इशारे पर किया जा रहा है।

## उत्पादन की आड़ में हो रहा है बड़ा खेला

दबंग दुनिया की टीम ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला की महारत्न कंपनी एसईसीएल के भटगांव क्षेत्र में मात्र दो खदानें कोयला उत्पादन कर रही है शेष लगभग सभी खदानें इस महाप्रबंधक के द्वारा कंडक्ट टू ऑपरेशन सही समय पर नहीं लेने के कारण जानबूझकर खदानें बंद की गई। जगन्नाथपुर ओसीपी जहां से सर्वाधिक कोयले का उत्पादन होता है तथा शिवानी भूमिगत परियोजना पर फोकस करते हुए उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया गया तथा इसी की आड़ में कलेक्शन का पूरा खेला कारित किया गया। जो अभी भी बदस्तूर जारी है। एसईसीएल सतकर्ता विभाग





की कार्यशैली से धृतराष्ट्र भी शरमा जाए। इन सब की जानकारी समाचार पत्रों या मीडिया के माध्यम से होने के बाद भी विभाग का सतकर्ता विभाग मौनमुनि बना हुआ है जो बहुत बड़े जांच का विषय हो सकता है।

## महाप्रबंधक के पूर्व सीएमडी से गहरे ताल्लुकात

भ्रष्टाचार तथा आय से अधिक संपत्ति के आरोप से घिरे महाप्रबंधक प्रदीप कुमार जो इसी महीने सेवानिवृत होने वाले हैं सीएमडी के क्लासमेट हैं और कुछ पारिवारिक संबंध भी पर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक जो जीएम के पद पर प्रमोट हो चुके हैं विप्र चरण सेठी है जो एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर तबादला होने के बाद भी रोक गए हैं जो कहीं ना कहीं प्रदीप कुमार महाप्रबंधक के ढाल के रूप में काम कर रहे हैं। विप्र चरण सेठी के द्वारा स्थानीय वेलफेयर कंपनी के अन्य क्रियाकलापों में करोड़ों का वारा-न्यारा बहुत बड़े जांच का विषय है।

## कारवाई कब होगी

इतने बड़े कारनामेक उजागर के बाद नवजात सीएमडी हरीश दुहन इस विषय को कितनी गंभीरता से लेते हैं और ऐसे भ्रष्ट क्रियाकलाप करने वाले अधिकारियों पर कब करवाई होती है यह तो देखने वाली बात होगी।

# लव ट्राइएंगल के चक्कर में आउट हाऊस में हुई मौत,प्रेमी समेत दो गिरफ्तार,जांच जारी



दबंग दुनिया ♦ जशपुर

5 माह पहले अपने जीजा के घर से गायब हुई नाबालिग बच्ची का शव कुनकुरी थाना इलाके के महुआटोली गांव के खेत में मिली है।एसपी शशिमोहन सिंह ने घटना का कारण त्रिकोणीय प्रेम से उपजे विवाद को बताया है जिसमें नाबालिग द्वारा प्रेमी के आउट हाउस में खुदकुशी करने के बाद लाश को प्रेमी ने दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर अपने ही खेत मे दफना दिया। जिसका खुलासा प्रेमी हेमंत प्रधान ने पुलिस के समक्ष किया है।दरअसल, घटना 6 अगस्त 2024 की है जब दुलदुला थाना क्षेत्र के 5 अगस्त को एक गांव में नाबालिग बच्ची अपने जीजा के घर आई हुई थी जो दूसरे दिन रात को अचानक गायब हो गई।बाद में फोन करने पर बालिका ने अपनी सहेली के यहां होना बताई।जिसके बाद घरवालों की चिंता खत्म हो गई।लेकिन इधर जैसा कि पुलिस ने बताया, लाश को ठिकाने लगाने वाला मुख्य आरोपी हेमंत प्रधान का 16 वर्षीय नाबालिग बालिका से प्रेम सम्बन्ध था।जिसे वह लेकर अपने खेत के पास आउट हाउस में रखा था। इसी दौरान प्रेमी के मोबाइल से किसी और लड़की से बातचीत होना देखकर मृतिका ने विवाद किया और दूसरी प्रेमिका को भी बुला लिया। इसको लेकर मृतिका काफी नाराज हुई और आउट हाउस में फांसी लगा ली। जब प्रेमी कमरे में आया तो शव लटकते देखकर अपने बड़े भाई नितेश प्रधान और चाचा सचनन्दन प्रधान को बताया।फिर तीनों ने मिलकर सौ मीटर दूर अपने खेत मे दफना दिया और उसके ऊपर धान की रोपाई कर दी।घटना के दूसरे दिन आरोपी हैदराबाद चला गया।इधर जब एक माह बीतने के बाद बालिका घर नहीं लौटी तो परिजनों ने सितंबर माह में दुलदुला थाने में बच्ची के अपहरण का एफआईआर दर्ज कराया।एसपी शशिमोहन सिंह ने घटना की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल एक टीम गठित कर मामले की छानबीन करने के निर्देश दिए।विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि अपहृत बालिका का प्रेम प्रसंग कुनकुरी थाना क्षेत्र के महुआटोली गांव के युवक हेमंत प्रधान से चल रहा था।जिसकी पता-तलाश में उसका पता हैदराबाद में होना बताया गया।जिसे जशपुर पुलिस की टीम बड़ी मशक्कत के बाद हैदराबाद से लेकर आई आरोपी और सहआरोपियों की निशानदेही पर खेत मे दफन शव का विधिवत उत्खनन कराया गया।शव की शिनाख्ती मृतिका की माँ ने की है। मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट व डॉक्टरों की टीम पहुंची हुई है। इस सनसनीखेज मामले की जाँच जारी है। घटनास्थल पर एसपी शशिमोहन सिंह,डीएसपी चंद्रशेखर परमा,एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी,थाना प्रभारी दुलदुला कृष्णा साहू,कुनकुरी सुनील सिंह ,हेड कांस्टेबल निर्मल बड़ा, मोहन बंजारे,छविकान्त पैंकरा,आरक्षक नन्दलाल यादव,गणेश यादव कारर्वाई में जुटे हुए हैं।

# कांग्रेस सरकार में चाकरी करने वालों से लोकार्पण भूमिपूजन कराए तब अपमानित नही हुए : हर्षा लोकमनी

दबंग दुनिया ♦ उतई

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले पांच वर्षो तक जब कांग्रेस की सरकार थी हमेशा प्रोटोकॉल को तोड़ने का कार्य किया जब भी लोकार्पण भूमिपूजन हुआ हर बार भाजपा के जनप्रतिनिधियों का अपमान हुआ, पिछले पांच वर्षों में लगातार भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने वाले कांग्रेसी अब किस मुंह से बोल रहे है, जैसा बोवोगे वैसा काटोगे, जो कर्म पिछले पांच वर्षो में किये हो उसका परिणाम अब इन पांच वर्षो में देखना होगा। श्रीमती चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पर आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल तोड़ने का काम भुपेश बघेल के संरक्षण में ही होता था। इनके दोगलेपन को कौन नही जानता एक तरफ किसानों की समस्या के लिए लड़ने की बात करते है उनके उपज की वाजिब दाम दिलाने की बात करते है वहीं दूसरी तरफ महंगाई के नाम पर टमाटर की कीमत अधिक होने का विरोध भी करते है क्या टमाटर किसानों ने न उपजाकर किसी फैक्टरी में निर्माण होता है क्या टमाटर की कीमत बढ़ने से किसानों को लाभ नही मिलेगा, भुपेश बघेल एव कांग्रेस के कुनबे



चाहते ही नही की किसान मजबुत हो ये केवल राजनीति करना जानते है। पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने किसानों का बोरा घोटाला, 1 दिसंबर से धान खरीदी, बोनस का चार किश्तों में देना, महादेव सट्टा एप घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, गांव गली में अवैध शराब की नदियां बहाने वाले भूल रहे है कि छत्तीसगढ़ की जनता पिछले पांच वर्षो में कितने त्रस्त, परेशान और हलाकान थे इसका अंदाजा पांच वर्ष में ही सत्ता से बेदखल करने से पता चलता है। श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा की देश मे नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सुशासन की डबल इंजन की सरकार पिछले एक साल से सांय सांय चल रही है छत्तीसगढ़ में हर तरफ खुशहाली है, किसानों को उनके उपज का वाजिब दाम मिल रही है।

# धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा किसानों की समस्या निराकरण किये जाने हेतु राज्यपाल के नाम का ज्ञापन पत्थलगांव तहसीलदार को ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा

दबंग दुनिया ♦ ओड़गी

ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान तकरीबन 80 कांग्रेसियों ने धान मंडी के सामने मंगलवार को धरना पदर्शन कर राज्यपाल के सामने मांग रखी 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्रो चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रो पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है। बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने



बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानो के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है।ट्ट सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है।ट्ट बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ रही है।

Scanned with OKEN Scanner

## ऊर्जा का संचार

### सुबह से शाम तक बनी रहेगी एनर्जी, शरीर रहेगा चुस्त और दुरुस्त

आपका एनर्जी लेवल बढ़ना और दिन बीतते-बीतते उसका डाउन होना एक सामान्य बात है। इस प्राकृतिक उतार-चढ़ाव की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कई कारक है। इसमें नींद, तनाव का स्तर, शारीरिक गतिविधियों का स्तर और आप जो खा रहे हैं वह भी शामिल हैं। आमतौर पर होता यूं है कि जब भी आप कुछ खाते हैं तो वह आपके पेट को भर कर आपमें ऊर्जा का संचार करता है। हालांकि कुछ फूड आपकी एनर्जी को तुरंत छीन भी लेते हैं। इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ फूड के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको एनर्जी को कम करने का काम करते हैं।

#### व्हाइट ब्रेड, पास्ता और चावल

कार्ब से संपन्न अनाज हमारे शरीर में ऊर्जा पहुंचाने का एक अच्छा स्त्रोत है। हालांकि व्हाइट ब्रेड और सफेद चावल में पाया जाने वाला प्रोसेस्ड अनाज आपके लिए फायदेमंद से ज्यादा नुकसानदेह साबित हो सकता है, खासकर तब, जब बात आपके एनर्जी लेवल की आती हो। ऐसा आंशिक रूप से ऐसा



इसलिए होता है क्योंकि अनाज की बाहरी परत पर फाइबर होता है, जिसे ब्रान कहते हैं, जो कि प्रोसेसिंग के दौरान हट जाता है। इसके कारण प्रोसेस्ड अनाज में फाइबर की मात्रा कम होती है, जो साबुन अनाज के मुकाबले ज्यादा तेजी से अवशोषित हो जाता है। इस कारण प्रोसेस्ड अनाज से बने स्नैक तेजी से ब्लड शुगर और इंसुलिन स्तर बढ़ा देते हैं, लेकिन इसके बाद तेजी से एनर्जी में कमी आती है।

#### एडड शुगर से युक्त सीरियल और दही

बाजार में कई ऐसे खाद्य पदार्थ हैं, जो एडड शुगर से भरे होते हैं, जिनका अगर बहुत अधिक सेवन किया जाए तो यह आपके ऊर्जा के स्तर को प्रभावित करने लगते हैं। उदाहरण के लिए, कई लोग नाश्ते में सीरियल को एक स्वस्थ और स्फूर्तिदायक नाश्ता मानते हैं, जो हमारे डेली रूटीन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। हालांकि, इसकी कई किस्में वास्तव में दिन के लिए अपेक्षित ऊर्जा-स्थिरता प्रदान करने में विफल साबित होती हैं। चूंकि ज्यादातर सीरियल में बहुत कम फाइबर होता है, फिर भी इसमें पर्याप्त मात्रा में शुगर होती है। वास्तव में, शुगर कई मशहूर सीरियल वाले अनाज में पाए जाने वाले कुल कार्ब्स का 50 फीसदी होती है। हाई शुगर और कम फाइबर की मात्रा ब्लड शुगर और इंसुलिन के स्तर को बढ़ा सकती है, जिससे ऊर्जा में वृद्धि तो हो सकती है लेकिन थोड़ी देर में एनर्जी तेजी से डाउन होती है।

#### शराब

शराब को उसके आराम देने वाले प्रभाव के लिए जाना जाता है। और तो और बहुत से लोगों का मानना है कि रात को खाने के साथ कम मात्रा में शराब पीने से उन्हें आसानी से नींद आ जाती है। हालांकि ये आपको सुनने में अच्छा लग रहा हो लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शराब आपकी नींद की गुणवत्ता और समय को कम कर देती है, जिसके कारण आपकी बची नींद आरामदायक होती है। इसलिए शराब आपको और आराम पहुंचाने और जल्दी नींद लाने में मदद करती है। इसके साथ ही यह आपके पीने की क्षमता पर निर्भर करता है कि आप अगली सुबह कितना थका-थका महसूस करते हैं।

#### एनर्जी ड्रिंक

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि एनर्जी पेय पदार्थ आपको कम समय में ऊर्जा देने का काम करते हैं। वास्तव में, कई अध्ययनों से पता चलता है कि नींद को कम करने के अलावा एनर्जी ड्रिंक एकाग्रता और याददाश्त को बढ़ा सकते हैं । एनर्जी ड्रिंक निमार्ता अपने ड्रिंक में उत्तेजक सामग्रियों का कॉकटेल शामिल करते हैं। हालांकि, शोधकर्ता इन पेय में शुगर और कैफीन के लिए सबसे अधिक ऊर्जा-बढ़ाने वाले प्रभावों को शामिल करते हैं। जब बात शुगर की आती है, तो कई एनर्जी ड्रिंक अपने उत्पादों में काफी ज्यादा मात्रा में शुगर मिलाते हैं। कभी-कभी एक कंटेनर में 10 चम्मच (52 ग्राम) तक शुगर होती है। जैसा कि पहले बताया गया है कि बड़ी मात्रा में शुगर का सेवन आपकी ऊर्जा बढ़ा सकता है और फिर तेजी से कम भी करता है।

#### फ्राइड और फास्ट फूड

तला हुआ और फास्ट फूड आपकी ऊर्जा को खत्म करने का काम करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इनमें आम तौर पर फैट की मात्रा काफी ज्यादा और फाइबर की मात्रा कम होती है। ये दोनों कारक आपके पाचन को धीमा कर सकते हैं। धीमी गति से पाचन उस गति को कम कर सकता है जिस पर ऊर्जा बढ़ाने वाले पोषक तत्व शरीर में प्रवेश करते हैं, जिस कारण आप थका हुआ महसूस करने लगते हैं। इसके अलावा, तले हुए और फास्ट फूड में विटामिन, खनिज और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा कम होती है। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ आपकी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और बनाए रखने में मदद करते हैं, लेकिन तला हुआ और फास्ट फूड बहुत बार खाने से ये आपके आहार से विस्थापित हो सकते हैं। एक बार में बहुत अधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से आपका पेट भरा हुआ महसूस हो सकता है लेकिन कुछ ही देर में आपका एनर्जी लेवल बिल्कुल डाउन हो जाता है।

# महिलाएं एक्सरसाइज के बिना भी रहती हैं फिट

एक्सरसाइज करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित होती हैं, क्योंकि एक्सरसाइज करने से शरीर हमेशा फिट और निरोग रहता है। वैसे अगर दूसरी तरफ देखा जाए, तो कुछ महिलाएं ऐसी होती हैं, जो एक्सरसाइज कम करती हैं या फिर करती ही नहीं हैं, लेकिन वह फिर भी हमेशा तंदुरूस्त और फिट रहती हैं। आज हम आपको महिलाओं की कुछ ऐसी गतिविधियों के बारे में बताएंगे, जिसे अपनाकर आप भी बिना एक्सरसाइज करें, तो फिट रह सकते हैं।



#### मेडिटेशन

अगर नियमित रूप से रोज मेडिटेशन किया जाए, तो ऐसे में कई सारी समस्याओं से निजात पाया जा सकता हैं। जैसे कि पाचन क्रिया सही रहती है, ब्लड प्रैशर सामान्य रहता हैं और तनाव मुक्त रहा जा सकता हैं।

#### बुनाई

कढ़ाई बुनाई करने से भी कई फायदे मिलते हैं। अगर नियमित रूप से खुद को इन कामों में व्यस्त रखा जाए, तो ऐसा करने से तनाव मुक्त रहा जा सकता है। इसके अलावा दिमाग भी बेहतर तरीके से काम करता है।

#### पालतू जानवरों के साथ खेलना

अगर आपके घर में भी पालतू जानवर हैं, तब तो यह बहुत अच्छी बात है। उनके साथ खेलने से अकेलेपन का एहसास नहीं होता और मानसिक बीमारियां भी नहीं होती।

#### खाना पकाना

एक शोध से बात सामने आई है कि जो लोग खाना बनाते हैं, वह जल्दी मोटापे का शिकार नहीं होते, क्योंकि कुकिंग से रोज 130 कैलोरी जलती है।

#### ट्रेवल करना

घूमने फिरने के भी कई सारे फायदे होते हैं। पहला फायदा तो यह है कि आप नई जगहों के बारे में जानते हैं और दूसरा सबसे अहम फायदा यह है कि इससे आप फिट और निरोग भी रहते हैं। ट्रेवल करते रहने से ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है। इसके अलावा इससे कैंसर का खतरा भी कम होता है।

## गर्भावस्था में ग्रीन टी पीना चाहिए या नहीं!



ग्रीन टी पीने के वैसे तो बहुत से फायदे होते हैं। मोटापा कम करने के लिए यह सबसे कारगार उपाय है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका सेवन करने से गर्भधारण करने में भी आसानी रहती है। आज हम आपको बता रहें हैं कि ग्रीन टी का गर्भधारण से क्या सबंध है।

#### किस तरह है मददगार

ग्रीन टी में मौजूद तत्व स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है। यह महिलाओं की फर्टिलिटी को बहुत प्रभावित करती है। एक शोध के मुताबिक, इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व, विटामिन और मिनरल गर्भधारण करने में बहुत सहायक होते हैं। इस अध्ययन में कहा गया है कि हर 15 में से 3 महिलाएं केवल 5 महीने के अन्दर गर्भधारण कर लेती हैं, जबकि इस शोध पर पूरी तरह से यकीन नही किया जा सकता।

#### ग्रीन टी और कैफीन

ग्रीन टी में कैफिन भी काफी मात्रा में पाया जाता है। कैफिन गर्भवती महिला और उसके बच्चे के लिए नुकसानदेह भी हो सकता है। ग्रीन टी के एक कप में 20 मिलीग्राम, चाय के कप में 50 मिलीग्राम और कॉफी में 100 मिलीग्राम तक कैफिन पाया जाता है, इसलिए ग्रीन टी सिर्फ उतनी ही पिएं जितनी की जरूरी हैं।

#### कैफीन को कहें बाय-बाय

आप अगर गर्भवती है या फिर इससे संबंधित कोई इलाज करवा रही हैं, तो कैफिन का सेवन बिल्कुल बंद कर दें, क्योंकि इससे आपके इलाज में परेशानी भी आ सकती है। कैफीन की बजाय ग्रीन टी का सेवन करें। ग्रीन टी आप खाना खाने के दौरान या इसके बाद भी ले सकते हैं, क्योंकि इसमें पाया जाने वाला पोलिफेनल गर्भधारण करने में मददगार होता है।

#### शिशु पर ग्रीन टी का प्रभाव

एक शोध में यह बात सामने आई है कि ग्रीन टी का संबंध शिशु में स्पाइना बिफिडा से है, जिसका सबंध फोलिक ऐसिड से होता है। ग्रीन टी उस प्रक्रिया को प्रभावित करता है, जिसके जरिए हमारा शरीर फोलिक एसिड हासिल करता हैं। ग्रीन टी पीने से महिलाओं में गर्भधारण की उम्मीद दुगनी हो जाती है। इससे ऐग्स ज्यादा मैच्योर होने लगते हैं। इतना ही नहीं पुरूषों के लिए भी यह बहुत लाभकारी है। इसे पीने से स्पर्म काउंट में वृद्धि आती है।

# सही डाइट को अपने भोजन में शामिल कर बनाएं सेहत



अच्छी पर्सनैलिटी के लिए अच्छी सेहत का होना भी बहुत जरूरी है। ज्यादा दुबले होने पर चाहे जितने भी महंगे कपड़े पहन लिए जाए, उतने नहीं जचते जितने की हैल्दी बॉडी पर जचते हैं। कुछ लोग अपने दुबले होने के कारण भी परेशान रहते हैं। वह समझ नहीं पाते कि कैसा आहार लिया जाए, जिससे वजन बढ़ जाए और सेहत को कोई नुकसान भी न हो। कुछ लोग तो यह समझते हैं कि अगर वजन कम है, तो चाहे कुछ भी खा लें, उनको फायदा ही होगा। आप पहले यह बात समझ लें कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। ऊट-पटांग चीजें खाने से सेहत बनने की बजाए बिगड़ सकती है। इसके लिए जरूरी है कि सही डाइट को अपने खाने में शामिल करके कम वजन बढ़ सकता है।

प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट वाले आहार अपने खाने में शामिल करें। दूध, पनीर,अंड़े और दालों को रोजाना खाने से धीरे-धीरे वजन बढ़ना शुरू हो जाता है।

पनीर बटर और पीनट बटर से बनी हुई चॉकलेट को खाने से भी वजन बढ़ना शुरू हो जाता है। ह्यूमस हैल्दी आहर है इसे खाने में जरूर शामिल करें।

एक बार पेट भर कर खाना खाने की बजाए थोड़ा-थोड़ा करके खाना खाते रहें। इससे कैलोरी बढ़ेगी और वजन भी बढ़ना शुरू हो जाएगा।

कम वजन होने पर भी जिम जा रहे हैं ,तो हैवी एक्सरसाइज की बजाए योग पर ध्यान दें।

पीनट बटर, प्रोटीन, चिकन और ट्यूना को भी आहार में शामिल करें।

#### वजन कम करने के लिए खाएं ये 5 चीजें

हम में से अधिकतर लोग ऐसे होंगे, जो वजन कम करने को लेकर काफी परेशान होंगे। आप शायद नहीं जानते होंगे कि मेटाबोलिजम आपके वजन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां जानते हैं कुछ ऐसे मेटाबोलिजम बूस्टिंग फूड्स के बारे में जो आपके वजन को कम करने में मदद कर सकते हैं:

**लाल मिर्च-** लाल मिर्च में बायोएक्टिव कंपाउंड होता है, जो आपकी भूख को कंट्रोल करता है।

**पपीता:** पपीते में पपाइन नाम का एंजाइम होता है, जो आपके प्रोटीन को पचाने में मदद करता है। पपीते एक मेटाबोलिजम बूस्टिंग फूड है और फैट को बर्न करने में भी काफी मदद करता है।

**काली मिर्च:** काली मिर्च में एल्कोलॉयड पाइपरीन होता है। ये कई तरह से आपके वजन को कंट्रोल करता है।

**पाउडर ग्रीन टी:** ग्रीन टी को पाउडर के रूप में लेगें, तो आपको एक तरह से इसकी पत्तियों के सभी पोषक तत्व भी मिलेंगे और यह आपको वजन कम करने में काफी मदद करेगी।

**ठंडा पानी:** रोजाना 8 गिलास ठंडा पानी लेंगे, तो आपका शरीर का फैट काफी कम होगा। आपको शायद नहीं मालूम होगा कि दिन में 8 गिलास पानी पीने से 70 कैलोरीज कम होती हैं।

## मुंह की दुर्गंध से शर्मिंदगी

मुंह के दुर्गन्ध की समस्या एक ऐसी समस्या है, जिससे आपको शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है। आप कितने भी स्मार्ट और सुंदर क्यों न दिख रहें हो, मुंह की दुर्गन्ध आपको लोगों के बीच शर्मिंदा कर देती है, लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप अपने मुंह की दुर्गन्ध से परेशान हैं, तो हम आपको बताते हैं, ऐसे 10 उपाय जिससे आपको इस दुर्गन्ध से मिल जाएगा छुटकारा। मुंह की दुर्गन्ध में हमारे जीभ की बहुत बड़ी भूमिका होती है। अगर आपके मुंह से दुर्गन्ध आ रही है, तो आप अपने जीभ की सफाई पर भी पूरा ध्यान दें। जीभ पर जमी गन्दगी मुंह की दुर्गन्ध का कारण बन सकती है। इसलिए हर बार खाना खाने के बाद अपने जीभ को भी अच्छे से साफ करें। मुंह की दुर्गन्ध से छुटकारा के लिए मुंह को नम रखना भी बहुत जरूरी है। मुंह ड्राई होने पर हमारा खाना जीभ और दांतों के बीच ही रह जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की आदत डालें। रात को सोने से पहले रोजाना ब्रश करने की आदत डालें। कुछ भी खाने के बाद अच्छे से कुल्ला करना नहीं भूले। अगर आप तम्बाकू और सिगरेट का सेवन करते हैं, तो इससे बचें। आप मुंह की दुर्गन्ध से छुटकारा पाने के लिए शुगर लेस कैंडी या शुगर लेस च्विंग गम खा सकते हैं।



# पेट की समस्या से चिड़चिड़े हो जाते हैं बच्चे

बच्चे खेलते हुए बहुत ही प्यारे लगते हैं, लेकिन बड़ों की तरह कई बार एसिड रिफ्लक्स की समस्या हो जाती है, जिससे बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं। शिशुओं में पेट के बीच की मसल्स पूरी तरह परिपक्व नहीं होने के कारण यह समस्या होती है। इस परेशानी से बचने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है ,जो इस असुविधाओं को कम करने में प्रभावी हो सकते हैं।

#### पेट की मसाज और एक्सरसाइज


इस परेशानी से निजात पाने के लिए पेट की मसाज सबसे असरदार उपाय है। इसके लिए भी कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे मसाज तभी करें, जब बच्चा अच्छा महसूस करे। पेट दर्द में कभी भी मसाज न करें। बच्चों की नाभि के आस-पास वाले हिस्से में अंगूठे से गोलाई में मसाज करें फिर धीरे-धीरे पूरे पेट की मसाज करें।

#### पेट के बल लेटाएं

बच्चे के पेट से गैस निकालने के लिए उसे पीठ के बल लिटाएं और उसके दोनों पैरों को पकड़कर जिस तरह साइकिल चलाते हैं, ठीक उसी अंदाज में घुमाएं। इससे उसे दूध पचाने में आसानी होगी और पेट से गैस बाहर निकलेगी।

#### सेब का सिरका

एप्पल साइडर भोजन को पचाने में मददगार होता है। जब बच्चे को गैस की समस्या हो तो एक चम्मच कच्चे अनफिल्टर्ड सेब साइडर सिरके को एक गिलास गुनगुने पानी में मिला लें। इस मिश्रण की कुछ बूंदें थोड़ी-थोड़ी देर बाद बच्चें को पिलाते रहें।



#### नारियल का तेल

नारियल का तेल एसिड रिफ्लक्स के कारण होने वाली सूजन को कम करने में सहायक होता है। दूध पिलाने वाली महिलाओं को बच्चे को दूध पिलाने से पहले 2 बड़े चम्मच एक्स्ट्रा वर्जिन ऑयल पीने चाहिए। इसके अलावा आप नारियल तेल और अदरक के तेल को बराबर मात्रा में मिलाकर अपने बच्चे के पेट पर हल्के हाथों से मसाज करने से फायदा मिलता है।

#### कैमोमाइल चाय

कैमोमाइल शिशु में एसिड रिफ्लक्स की समस्या को दूर करने का कुदरती उपाय है। यह पेट दर्द से राहत दिलाती है। आधा चम्मच सूखे कैमोमाइल फूलों को एक कप गर्म पानी में मिलाए और ढककर रख दें। थोड़ी देर बाद ठंड़ा होने पर बच्चे को 1 से आधा चम्मच पिलाते रहें। स्तनपान करने वाली महिलाओं को दिन में एक कप कैमोमाइल चाय जरूर पीनी चाहिए।

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner